## हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

# विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भगवद्गीता में निहित

## गृहमंत्री शाह ने कुरुक्षेत्र में दीप प्रज्वलित कर संत सम्मेलन का किया शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ कुरुक्षेत्र

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में



शामिल होने के लिए शुक्रवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे। ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा में चल रहे संत सम्मेलन में सीएम मनोहर लाल खट्टर ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव, स्वामी ज्ञानानंद, स्वामी अवदेशानंद सहित कई संत-महात्मा पहुंचे। शाह ने कहा कि विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भगवद्गीता में निहित है। उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता को मूर्तस्वरूप दिलाने के लिए धारा 370 हटी। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण व ट्रिपल तलाक की समाप्ति हुई। शाह ने कहा कि देश-विदेश में गीता को प्रचारित करने में स्वामी ज्ञानानन्द महाराज की अहम भूमिका रही है।

### मां भद्रकाली की पूजार्चन किया

### पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने करवाया पूजन

गृहमंत्री शाह अपनी धर्मपत्नी सोनल शाह के साथ मां भद्रकाली जी की विशेष पूजा करने पहुंचे। भव्य रूप से सजे शक्तिपीठ में सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा के द्वारा गृहमंत्री जी व उनकी धर्मपत्नी का शक्तिस्थल श्री देवीकूप पहुंचने पर पुष्प गुच्छे से स्वागत किया गया।



### गीता से ही मुझे मिला ज्ञान

गृह मंत्री शाह ने संत सम्मेलन में कहा कि गीता के ज्ञान को पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया जा रहा है। शाह ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान गीता में है। खुद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में बहुत उतार चढ़ाव देखा है। बचपन से गीता पढ़ने के कारण सारे समस्याओं का समाधान कर सका। शाह ने संत ज्ञानानंद जी की तारीफ की।

**पीएम मोदी की तारीफ की**

गृह मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि दस सालों के अंदर देश के स्व को जगाने का काम पीएम मोदी की सरकार ने किया है।

### सीएम खट्टर ने कहा

### गीता जीवन को करती है प्रकाशमय

सीएम खट्टर ने कहा कि गीता संदेश हमें अंधकार के वातावरण से प्रकाश की तरफ लेकर जाता है। 30 लाख से अधिक लोग की गीता जयंती समारोह में उपस्थित रहेगी गीता का संदेश आज भी हजारों वर्ष उपरांत शाश्वत तथा सार्वभौमिक है। योगाचार्य रामदेव ने कहा कि गीता का उद्घोष जन-जन के मन में होना चाहिए तभी विकसित भारत का स्वप्न सार्थक होगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने भीउद्बोधन दिया।

**हरियाणा के लिए गर्व का समय**


खट्टर ने कहा कि हरियाणा के लिए यह गर्व का समय है। गीता का आज भी उतना ही महत्व है जितना महत्व पहले था। गीता का संदेश हमें अंधकार के वातावरण से प्रकाश की तरफ लेकर जाता है। पीएम मोदी की पहल पर 2016 में गीता महोत्सव की शुरुआत हुई थी।

---

## खबर संक्षेप

### जेल में मनेगा मनीष का नया साल, हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की



न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने न्यायिक हिरासत को 19 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। कोर्ट ने सीबीआई में दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए 15 जनवरी तक का समय दिया है।

### पुणे के इंजीनियर को लगा 17 लाख का चूना

**मुंबई।** साइबर फ्रॉड के ऐसे-ऐसे मामले सामने आई हैं जो हैरान करने वाले हैं। साइबर फ्रॉड के कई



नए तरीके सामने आए हैं। एक कॉमन चीज सामने आई है और वह यह कि नए तरीके के साइबर फ्रॉड के शिकार सबसे ज्यादा पढ़े लिखे हो रहे हैं। पुणे के एक इंजीनियर को साइबर ठगों ने शिकार बनाया और 17 लाख रुपए का चूना लगा दिया।

### बच्चों की देखभाल के लिए खुलेंगे 17,000 क्रेच


**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पालना योजना के तहत देशभर में 17,000



क्रेच केंद्र खोलेगा। केंद्र की इस योजना से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं और उनके बच्चों की देखभाल में मदद मिल सकेगी। 5,222 क्रेच को मंत्रालय ने मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सक्षम बनाना है।

### मोगा में टिप्पर कार के ऊपर पलटा, 4 की मौत

**मोगा।** पंजाब के मोगा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां मोगा-बरनाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक



तेज रफ्तार टिप्पर संतुलन बिगड़ने से कार के ऊपर पलट गया। टिप्पर पर पत्थर लदे थे। हादसे में चार लोगों की जान चली गई है। वहीं चार साल बच्ची सलामत है। यह परिवार राजस्थान के हनुमानगढ़ से मोगा में शादी समारोह में आया था।

---

## केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रेसवार्ता में किया कांग्रेस पर करारा वार

# चुनाव में हार का बदला लेने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने संसद में 'व्यवधान' डाला

उन्होंने कहा अनुच्छेद 370 से लेकर न्यू क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम तक जो कुछ भी इन पांच साल में हुआ है वो ऐतिहासिक है। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति देने का आह्वान किया था,जो पूरा करके भी दिखा दिया....

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता बुलाई। इस दौरान उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र में हुई कार्यवाही का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र का समापन हो गया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया इस दौरान तीन आपराधिक बिलों का संसद से पास होना ऐतिहासिक रहा। उन्होंने यह भी बताया कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर में बहुत बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा अनुच्छेद 370 से लेकर न्यू क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम तक जो कुछ भी इन पांच साल में हुआ है वो ऐतिहासिक है। केंद्रीय मंत्री प जोशी ने कहा पपीएम नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति देने का आह्वान किया था। उसके अनुसार भारत में क्रिमिनल जस्टिस में बदलाव कर भारतीयता के आधार पर भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 को संसद से पारित किया गया।

### गुलामी की मानसिकता से मुक्ति देने का पीएम मोदी ने किया आह्वान

### ब्रिटिश युग के कानूनों को किया खत्म

उन्होंने कहा हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आधार पर पहले से जो हमारी विरासत थी उसके आधार पर और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए ब्रिटिश युग के कानूनों को खत्म किया गया है। उन्होंने कहा आने वाले 100 वर्षों में होने वाले बदलाव को ध्यान में रखा गया है।



### शीतकालीन सत्र में कुल 35 विधेयक पारित

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया 4 दिसंबर 2023 से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई थी जिसका समापन गुरुवार 21 दिसंबर को हो गया। इस दौरान 18 दिनों में 14 बैठकें हुईं। लोकसभा में कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित हुए जबकि राज्यसभा में कुल 17 विधेयक पारित हुए। दोनों सदनों में मिलाकर कुल 19 विधेयक पारित हुए हैं।

### विपक्ष ने जान-बूझकर सदन में की बाधा उत्पन्न

उन्होंने संसद सुरक्षा चूक के मुद्दे को लेकर कहा दर्शक दीर्घा में कूदने वाली जैसी घटनाएं पहले भी घट चुकी हैं। इस मुद्दे पर विपक्ष को सरकार का सहयोग करना चाहिए था लेकिन इस पर विपक्ष ने जानबूझकर सदन में बाधा उत्पन्न की। विपक्ष हार का बदला लेने के लिए इस तरह की हरकतें कर रहा है। उन्होंने कहा, संसद सुरक्षा चूक की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का अपमान किया गया। पीएम मोदी के बारे में अनगिनत कटु शब्द बोले गए हैं।

### 74 फीसदी रही लोकसभा की उत्पादकता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रारंभ हुए 17वीं लोकसभा के 14वें सत्र में 14 बैठकें हुई और 61.50 घंटे काम हुआ। सत्र की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। इस दौरान कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए। प्रमुख विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023; भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023; भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023; दूरसंचार विधेयक, 2023; वस्तु एवं सेवाकर (संशोधन), 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 है। लोकसभा के इस सत्र में 55 तारांकित प्रश्न पूछे गए। 377 के तहत 265 मामले उठाए गए और शून्यकाल में 182 विषय उठाए गए। स्थाई समित के 35 प्रतिवेदन रखे गए। 33 वक्तव्य दिए गए।

### राज्यसभा में ज्यादा कार्य संपन्न

राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को आपराधिक न्याय प्रक्रिया से जुड़े 3 महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थगन की घोषणा करते हुए कहा कि एक राजनीतिक रणनीति के रूप में व्यवधानों और गड़बड़ी को हथियार बनाना किसी भी अन्य राजनीतिक विचारों से ऊपर लोगों के हित को ध्यान में रखने के हमारे संवैधानिक दायित्व से मेल नहीं खाता है। टाले जा सकने वाले व्यवधानों के कारण लगभग 22 घंटे बर्बाद हो गए जिससे राज्यसभा की कुल उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जो अंततः 79 प्रतिशत रही।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्सः ठाकुर ने जारी किया लोगो



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तमिलनाडु में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए आधिकारिक प्रतीक चिन्ह और शुभंकर जारी किया। खेलों का छठा संस्करण 19 से 31 जनवरी, 2024 तक होने वाला है, इस आयोजन से भारतीय खेलों में एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत होने वाली है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, देश भर में जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने की एक प्रमुख पहल हैं। युवा खेलों के पिछले 5 एडीशन दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी, पंचकुला और भोपाल में आयोजित किए गए हैं। आगामी एडिशन तमिलनाडु के चार शहरों - चेन्नई, त्रिची, मदुरै और कोयंबटूर में आयोजित होगा।

---

## कांग्रेस का क्राउडफंडिंग अभियान

# लग्जरी जेट में सूखा राहत की मदद मांगने पहुंचे सिद्धारमैया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस इन दिनों क्राउडफंडिंग अभियान चला रही है। इसी बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और राज्य मंत्री ज़मीर अहमद खान प्राइवेट जेट में सवार होकर दिल्ली पहुंचे थे। वे केंद्र सरकार से सूखा निधि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे थे। इसी बात को लेकर भाजपा ने सीएम सिद्धारमैया और मंत्री अहमद खान को घेर लिया। हमला करते हुए भाजपा ने कहा कि ऐसे समय में जब कांग्रेस चंदा मांग रही है तो दूसरी तरफ पार्टी के नेता प्राइवेट जेट में हैप्पी मोमेंट्स सेलिब्रेट कर रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र से सूखा निधि जारी करने के लिए वे लग्जरी जेट से दिल्ली पहुंचे थे।

### भाजपा ने की कड़ी आलोचना

### सीटी रवि का कांग्रेस पर निशाना

किसानों के लिए पैसा नहीं और... कर्नाटक के भाजपा नेता सीटी रवि ने भी यही वीडियो शेयर करते हुए कहा कि राज्य सरकार के पास सूखे से प्रभावित किसानों को देने के लिए पैसा नहीं है लेकिन प्राइवेट जेट में यात्रा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सराकर के पास विकास या अपने किए गए वादों को पूरा करने के लिए पैसा नहीं लेकिन सीएम र मंत्रियों के लग्जरी जेट के लिए रुपयों की कोई कमी नहीं है। ऐसे तो सिद्धारमैया दावा करते हैं कि वे एक समाजवादी हैं लेकिन वे सूखा राहत के लिए पैसा मांगने के लिए दिल्ली प्राइवेट जेट से जाते हैं। अब कर्नाटक के लोग इनका मजावादी रूप देख सकते हैं।

### सीएम क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे



मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर सीएम सिद्धारमैया और ज़मीर अहमद खान का एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि एक तरफ कांग्रेस क्राउडफंड का नाटक कर रही है। आईएनडीआईए की मीटिंग में समोसा तक नहीं परोसा जा रहा वहीं दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री ज़मीर अहमद खान प्राइवेट जेट में सीएम सिद्धारमैया के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। वे प्राइवेट जेट में सवार होकर सूखा राहत के लिए दिल्ली की यात्रा कर रहे हैं। वे लग्जरी जेट में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। कर्नाटक कुशासन से जूझ रहा है लेकिन कांग्रेस की लूट जारी है।

---

## जंतर मंतर से राहुल का केंद्र पर प्रहार

# सांसदों को निलंबित करके 60 फीसदी जनता का मुंह बंद किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन ने पूरे देश में सांसदों के निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन किया। शुक्रवार को राजधानी नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर गठबंधन के नेताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि शीतकालीन सत्र में विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करके न सिर्फ उनका अपमान किया गया, बल्कि देश की 60 प्रतिशत जनता का मुंह बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच है। भाजपा जितनी नफरत फैलाएगी, गठबंधन उतनी ही मोहब्बत, भाईचारा और एकता फैलाएगा। गठबंधन पूरी तरह से एकजुट है।



### बेरोजगारी की वजह से संसद में कूदे थे लोग

राहुल ने कहा कि लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में दो युवकों का कूदना सुरक्षा में चूक जरूर है, लेकिन इसकी वजह बेरोजगारी है। निलंबित सांसद सिर्फ व्यक्ति नहीं, बल्कि वे हिंदुस्तान की जनता की आवाज हैं।

### अकेले पीएम कुछ नहीं कर सकते : खरगे

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्हें इस बात का बहुत धक्का लगा कि संवैधानिक पद पर बैठे लोग यह कहते हैं कि वो किसी जाति से संबंध रखते हैं और उनका अपमान किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत ने एक सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 1 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वहीं 79,487 से अधिक विकसित भारत स्वास्थ्य शिविरों में आने वाले लोगों की संख्या 1,31,66,365 को पार कर गई हैं। 49 लाख से अधिक लोगों की टीबी के लिए जांच की गई और 3.4 लाख से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। सिकल सेल रोग के लिए 5 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई।

### अयोध्या में उतरा विमान



**अयोध्या।** अयोध्या में शुक्रवार को उद्घाटन से पहले अयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों के परीक्षण के दौरान एक विमान उतरा।

---

# केरल को लक्ष्य में रखकर अपनी रणनीति बनाने में जुटी कांग्रेस

◆ गठबंधन की राह तलाश रही कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस को लगता है कि बंगाल की तुलना में केरल में उसकी संभावनाएं काफी बेहतर हैं। कांग्रेस नेतृत्व केरल में पार्टी की रणनीति को प्राथमिकता देने का पक्षधर है। उसे लगता है कि वह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से लड़ने की तुलना में केरल में सीपीआई (एम) से कहीं अधिक प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। कांग्रेस जाहिर तौर पर पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से कम से कम छह सीटों पर चुनाव लड़ने की उम्मीद कर रही है।

### बंगाल में 7 सीटों की मांग कर रही



इंडिया गठबंधन की बैठक में बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लोकसभा चुनाव में पीएम फेस बनाने प्रस्ताव रखा था। इसके साथ ही सूत्रों का कहना है कि बंगाल में ममता बेनर्जी ने कांग्रेस की दो जीती सीटें मुर्शिदाबाद और मालदा (दक्षिण) देने का प्रस्ताव रखा है, लेकिन राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में दिल्ली में हुई कांग्रेस नेताओं की बैठक में बंगाल कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस से सात सीटों की मांग की है।

### कांग्रेस की अपनी मर्जी, हम 23 सीटों पर लड़ेंगे: उद्धव गुट

शिवसेना उद्धव गुट के संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस का कोई भी नेता बयान दे देता है, ऐसे में कांग्रेस की मर्जी है वो चाहे तो महाराष्ट्र में 48 सीटों पर भी लड़ सकते हैं। इसी के साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि शिवसेना हमेशा से महाराष्ट्र में 23 सीटों पर ही चुनाव लड़ते आई है इसलिए हमारी पार्टी ने फिर से 23 सीटों की मांग रखी है।

---

## सीतारमण ने कहा-बाढ़ प्रभावित तमिलनाडु को आवश्यक मदद दी

# लोगों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बलों के 9 चॉपर भेजे

### एनडीआरएफ, सेना, वायुसेना और भारतीय तटरक्षक बल कर रहा बचाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में बाढ़ से जनजीवन के प्रभावित होने की जानकारी मिलते ही केंद्रीय सहायता शुरू कर दी गई थी।वित्त मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जैसे ही मैंने एनडीआरएफ का अनुरोध गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष रखा, यह सुनिश्चित हो गया कि टीमें समय पर वहां जाएंगी।उन्होंने बताया कि प्रारंभ में, एनडीआरएफ की 10 बचाव टीमें, भारतीय सेना की दो टुकड़ियां, भारतीय वायु सेना की दो टुकड़ियां, एक जहाज, एक नौसेना हेलीकॉप्टर, छह आपदा प्रतिक्रिया टीमें और भारतीय तटरक्षक बल के करीब 9 हेलीकॉप्टर भेजे गए।

### हेलीकॉप्टर्स से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामान गिराया



तमिलनाडु में इन दिनों बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। प्रदेश में बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में वायुसेना के हेलीकॉप्टर्स से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामान गिराया जा रहा है। वहीं दक्षिणी तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे रेल यात्रियों को बचाने के लिए रक्षा कर्मियों ने हेलीकॉप्टर की मदद से बचाव प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### जवान भोजन के पैकेट बांट रहे

श्रीवैकुंटम रेलवे स्टेशन पर फंसे लोगों को बचाने के लिए हेलीकॉप्टर से रस्सी और आवश्यक सहायक उपकरणों को नीचे लटकाया गया और कई यात्रियों को वहां से निकाल कर हेलीकॉप्टर में लाया गया। दक्षिणी रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान शुरू हो गया है, यात्रियों को निकाला जा रहा है। भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर से गिराए गए भोजन के पैकेट रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा यात्रियों को वितरित किए गए हैं।

### बीमा कंपनियों को भी आवश्यक निर्देश दिए

उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए



और वित्तीय मामलों के सचिव ने लोगों को राहत देने और दावा प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बीमा कंपनियों और उनके अधिकारियों को 20 दिसंबर या उससे पहले भेजने का जिम्मा लिया था। यही निर्देश तमिलनाडु के उन चार जिलों के लिए भी दिए गए हैं जहां भारी बारिश हुई है।

## खबर संक्षेप

### पाक के चुनाव कार्यक्रम में फिर हुआ बदलाव




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव के कार्यक्रम में फिर बदलाव हुआ है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बदलाव के बाद नया शेड्यूल जारी कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी 2024 को आम चुनाव होने हैं। अब पाकिस्तान चुनाव आयोग ने नामांकन करने की तारीखों को दो दिन के लिए और बढ़ा दिया है।

### ड्रैगन से रिश्ते सुधारने में जुटा अमेरिका




**वॉशिंगटन।** अमेरिका, चीन से अपने रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। अमेरिका के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर और उनके चीनी सहयोगी जनरल लिउ झेनिल एक बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। यह बैठक दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने की बात है।

### पूर्व मेयर 14 करोड़ डॉलर के जुर्माने से दिवालिया



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी रूडी जुलियानी ने न्यूयॉर्क के सदर्न जिला कोर्ट में दिवालिया होने का दावा करते हुए आवेदन किया है। रूडी जुलियानी का यह कदम उन पर 14 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगने के तुरंत बाद सामने आया है। उनके ऊपर 10 करोड़ और 500 करोड़ डॉलर का कर्ज है।

### चीनः कोयला खदान में 12 लोगों की मौत, 13 घायल



**बीजिंग।** चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में कोयले की खदान में दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 13 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना हेंगशान जिले में कुनयुआन कोयला खदान में हुई। दुर्घटना में घायल 13 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है।

# खिलाड़ियों का दबदबा था और रहेगा, साक्षी मलिक सिर्फ राजनीतिक मोहरा

## डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

भारतीय कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष संजय सिंह ने पहलवानों में हुई ऊहापोह की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन में खिलाड़ियों का दबदबा था और रहेगा।

साक्षी मलिक जैसे लोग अब खिलाड़ी नहीं रह गए। वो तो राजनीतिक मोहरा हो गए हैं। हम नहीं चाहते कोई कुश्ती छोड़े, हर खिलाड़ी का स्वागत है। साक्षी भी अगर आना चाहती हैं, तो ट्रायल दें और कुश्ती लड़ें। बता दें भारतीय कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष संजय सिंह हरियाणा की अनीता श्योराण को हराकर डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बने। उनके अध्यक्ष बनते ही साक्षी मलिक ने कुश्ती त्यागने का ऐलान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया



है कि संजय सिंह बृजभूषण बिजनेस पार्टनर हैं। विरोध की कड़ी में अन्य पहलवान भी उतर आए और संजय सिंह के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। इस पर संजय सिंह ने कहा कि जिनको कुश्ती करनी है, वो कुश्ती करें। जिनको राजनीति करनी है, वो राजनीति करें।

**खास बातें**

- हम नहीं चाहते कोई कुश्ती छोड़े, हर खिलाड़ी का है स्वागत
- साक्षी को भी ऑफर... ट्रायल दें और कुश्ती लड़ें

*संजय सिंह ने पहलवानों में हुई ऊहापोह की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि साक्षी मलिक जैसे लोग अब खिलाड़ी नहीं रह गए। बच्चों के लिए कुश्ती के कैंप लगाए जाएंगे। उनका साल किसी भी तरह से खराब होने नहीं दिया जाएगा। ओलंपिक में जाने वाले पहलवानों की तैयारी करवाई जाएगी।*

### चुनाव में महिला सदस्य ने भी किया था नामांकन

*चुनाव में महिला सदस्य ने नामांकन किया था। वोटिंग हुई, मगर लोग उनके अध्यक्ष बनने से सहमत नहीं थे। चुनाव तभी होता जब दो प्रत्याशी मैदान में हो और हजारों खिलाड़ी चाहते थे कि हम चुनाव लड़े और जीतें। हम 12 साल से इसी कुश्ती संघ में हैं, कमान हमारे हाथ में है। सांसद बृजभूषण शरण अनुभवी हैं। अनुभवी व्यक्ति से राय ली जाएगी।*

### बृजभूषण शरण सिंह ने एक पौधे को वट वृक्ष बनाया

उन्होंने कहा कि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक पौधे को वट वृक्ष बनाया। पहले की सरकारों में खिलाड़ियों की बेकदरी सभी को पता है। दबदबा था और रहेगा का आशय खिलाड़ियों के दबदबे से है। खेल के दबदबे से हैं। जीत के दबदबे से है। बाकी भारतीय कुश्ती संघ का हर चैंपियनशिप में दबदबा रहेगा। आरोप कोई भी लगा लें, हम अपना काम करेंगे। हमने महिला पहलवानों के लिए भी बहुत कुछ किया।

### संजय सिंह और सांसद बृजभूषण सिंह के 30 साल पुराने हैं रिश्ते

*संजय सिंह ने बताया कि सांसद बृजभूषण सिंह से उनके 30 साल पुराने रिश्ते हैं। डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह को 'बबलू' के नाम से भी जाना जाता है। वह यूपी रेसलिंग फेडरेशन और राष्ट्रीय कुश्ती संघ में पदाधिकारी रह चुके हैं। 2019 में डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी कमेटी में वह जॉइंट सेक्रेटरी चुने गए थे। संजय सिंह मूल रूप से यूपी में चंदौली एरिया के झांसी गांव के रहने वाले हैं।*

### 12 घंटे के अंदर नेशनल चैंपियनशिप का ऐलान

*संजय सिंह ने चुनाव के 12 घंटे के अंदर नेशनल चैंपियनशिप की घोषणा कर दी। अंडर-15 और अंडर-20 की चैंपियनशिप गोंडा के नंदिनी नगर में कराया जाना है। 28 से 30 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला कुश्ती होगी।*

## केरल की स्वास्थ्य मंत्री की चेतावनी, फिर यहां भी बढ़ेंगे मामले

# सिंगापुर में कोरोना का बड़ा विस्फोट आईसीयू में भर्ती हो रहे ज्यादा मरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में कोविड के नए वैरिएंट ने स्थिति बेहाल कर दी है। वहां पर मामले को तेज गति से बढ़ ही रहे हैं, इसके साथ-साथ आईसीयू में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। एक आंकड़ा बताता है कि पिछले हफ्ते सिंगापुर में 965 मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं उससे पिछले हफ्ते वो आंकड़ा 763 था। वहीं आईसीयू में भर्ती मरीजों की बात करें तो वहां भी आंकड़ा 23 से बढ़कर 32 हो चुका है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री ने तो आशंका भी जाहिर कर दी है कि आने वाले दिनों में कोरोना के मामले बढ़ने वाले हैं। अभी स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है। हमे आने वाले दिनों में और कोरोना मामलों के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि सिंगापुर में एयरपोर्ट पर जो चेकिंग हुई है, उसमें 19 भारतीय यात्री पॉजिटिव निकले हैं।

*अब देश में बढ़ रहे मामले तो चिंता की बात है ही, एक खतरनाक ट्रेंड ये भी है कि सिंगापुर में कोविड के नए वैरिएंट ने स्थिति बेहाल कर दी है।*

*भारत के कई राज्यों में फिर कोरोना की वापसी की ओरभारत के कई राज्यों में फिर कोरोना की वापसी की ओर*

**खास बातें**

- सिंगापुर में 965 मामले
- आईसीयू में आंकड़ा 23 से बढ़कर 32 हो चुका
- एयरपोर्ट पर चेकिंग में निकले 19 भारतीय पॉजिटिव

### जयपुर : एक महीने का बच्चा और ऑस्ट्रेलिया से आई युवती भी पॉजिटिव

*राजस्थान के कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की राजधानी जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना संक्रमित हो गया। वहीं, जोधपुर में भी एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वह पांच दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटकर आई थी। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब थी। कोरोना के लक्षण दिखने पर उसने जाचं कराई, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोरोना संक्रमित 19 साल की युवती महामंदिर क्षेत्र में रहती है। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। संपर्क में आए लोगों सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है।*




### देशभर में कोरोना मामलों में अचानक आया बड़ा उछाल

कोरोना मामलों में अचानक से बड़ा उछाल देखने को मिल गया है। देश में इस समय कई राज्य फिर कोरोना की वापसी देख रहे हैं। चिंता की बात ये है कि नए वैरिएंट जेएन 1 के कई केस सामने आ गए हैं। इस समय गोवा, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान में नए वैरिएंट के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में भी मामलों में उछाल देखने को मिला है। कई महीनों बाद गाजियाबाद में भी कोविड के दो केस सामने आ चुके हैं।

### चंडीगढ़ः मास्क अनिवार्य, हरियाणा में आरटी-पीसीआर टेस्ट

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन ने कोरोना के नए वेरिएंट को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला किया है। दरअसल चंडीगढ़ में मास्क की हुई वापसी हुई है। चंडीगढ़ प्रशासन ने लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क पहनने की सलाह दी है। प्रशासन ने सलाह दी है कि बुखार, जुकाम और सांस लेने में तकलीफ जैसे सिम्टम्स आने के बाद तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। घर पर ही इसका इलाज ना करें। कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के लिए 7 दिन का आइसोलेट होना अनिवार्य किया गया है। हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हम इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के केसों का आरटी-पीसीआर टेस्ट करेंगे। हरियाणा में ऑक्सीजन की सप्लाई के लिए 238 पीएसए प्लांट तैयार हैं।



### पकड़ी रफ्तार, 2997 मामले आए

*देश में कोरोना संक्रमण रफ्तार पकड़ता दिख रहा है। शुक्रवार को देश में कोरोना के 640 नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिसके बाद देश में कोरोना के कुल सक्रिय मरीज बढ़कर 2997 हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आंकड़े जारी किए हैं। वहीं केरल में कोरोना से एक और मरीज की मौत हो गई है। बता दें कि गुरुवार को केरल में तीन, कर्नाटक में दो और पंजाब में एक व्यक्ति की कोरोना संक्रमण से मौत हुई थी। संक्रमण दर अभी देश में 1.19 प्रतिशत है।*

### तेलंगानाः कोविड के चार मामले सामने आए

*तेलंगाना के स्वास्थ्य विभाग ने पड़ोसी राज्यों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए जनता से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही 10 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को जब तक अनिवार्य न हो, बाहर जाने से बचने की सलाह दी गई है। बचाव के लिए 6 फीट की शारीरिक दूरी का पालन करें।*

### एडवाइजरी जारी

तेजी से बढ़ते कोरोना मामले के कारण सरकार ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सर्दी, जुकान और खांसी के मरीजों से दूरी बनाने के लिए कहा है। साथ ही ऐसे लक्षण वाले मरीजों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

## 80 साल बाद ली सुध, फिर से चालू

# अमेरिका ने एयरफील्ड से जापान पर गिराया था एटम बम



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने प्रशांत महासागर के एक छोटे द्वीप पर मौजूद उस हवाई अड्डे को फिर चालू करने की योजना बनाई है, जहां से जापान पर पहली बार परमाणु बमबारी करने के लिए उसके बी-29 बमवर्षक विमानों ने उड़ान भरी थी। सेना के एक बड़े अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी वायु सेना ने इस रणनीतिक महत्व के एयरफील्ड को काम में लाने की योजना बनाई है।

यह चीन के साथ किसी भी संघर्ष की हालत में उसके विकल्पों को मजबूत बनाएगा। प्रशांत इलाके में वायु सेना के कमांडर जनरल केनेथ विल्सबैक ने इस हफ्ते एक इंटरव्यू में कहा कि टिनियन द्वीप पर नॉर्थ एयरफील्ड आने वाले वक्त में एक अच्छी सुविधा बन जाएगा। फिलहाल वह हवाई अड्डा एक जंगल में बदल गया है। इसे फिर से काम लायक बनाया जाएगा। यह बेस तब से लावारिस पड़ा है, जब 1946 में अमेरिकी सेना वायु सेना ने इसे खाली छोड़ दिया था।

### बी-29 विमानों ने की थी बमबारी

तीन द्वीपों से उड़े बी-29 विमानों ने इतिहास की सबसे घातक बमबारी 10 मार्च 1945 को टोक्यो पर की। जिसमें 100,000 से अधिक लोग मारे गए और दस लाख घायल हुए थे। 1945 में जापान पर लगातार बमबारी के दौरान टिनियन पर नॉर्थ एयर फील्ड अपने 8,000 फुट के चार रनवे और 40,000 कर्मियों के साथ दुनिया का सबसे बड़े और व्यस्ततम एयर फील्ड बन गया था। नॉर्थ फील्ड ने 6 अगस्त, 1945 को इतिहास में अपना स्थान पक्का कर लिया, जब सुबह के अंधेरे में एनोला गे नाम का बी-29 बमवर्षक परमाणु बम लेकर अपने रनवे एबल से उड़ा। जिसे उस सुबह हिरोशिमा पर गिराया जाना था, जिससे 70,000 लोग मारे गए। तीन दिन बाद बोक्सकार नाम का एक और बी-29 विमान ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराने के लिए टिनियन से उड़ान भरी।

### राष्ट्रमंडल का हिस्सा है टिनियन

टिनियन उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के राष्ट्रमंडल का हिस्सा है, जो प्रशांत इलाके में एक अमेरिकी क्षेत्र है। यह प्रशांत इलाके में हवाई द्वीप से लगभग 6,000 किमी (3,700 मील) पश्चिम में है। महज 39 वर्ग मील के इस द्वीप पर केवल 3,000 लोग रहते हैं। यह नहीं बताया कि एयरफील्ड को कब चालू किया जाएगा। टिनियन द्वीप के साथ ही करीब के साइपन और गुआम द्वीपों से अमेरिका वायुसेना ने द्वितीय विश्व युद्ध में काफी ज्यादा ऑपरेशन चलाए थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तीनों द्वीपों बी-29 सुपरफोर्ट्रेस बमवर्षक विमानों के बेड़े का अड्डा थे। जिन्होंने जापान विनाशकारी बमबारी की।

## मौसम और समय का भुगतना पड़ा खामियाजा

वे बोले- भाग्यशाली हैं जान बच गई

# इटलीः दो अलग-अलग विमान हादसे में बाल-बाल बचे दंपती

एजेंसी ▶▶ रोम

एक ही दिन में दो अलग-अलग विमान हादसे में एक जोड़ा बाल-बाल बच गया। स्टेफानो पिरिल्ली और उनकी मंगेतर एंटोनिएटा डेमासी ट्यूरिन इटली के रास्ते में एक बहुत ही भयानक दुर्घटना का अनुभव किया। जैसे ही पिरिल्ली का विमान नीचे गिरा, वैसे ही डेमासी जिस विमान में थी, उसमें भी समस्या आ गई। बचाव दलों ने दोनों को उनके विमानों से सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में दंपति के साथ दोनों विमानों के पायलट भी सुरक्षित बच गए। हालांकि, डेमासी को पेल्विक चोट लगी और उनके पायलट को सिर में चोट लगी है। वहीं पिरिल्ली बिलकुल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ उसके लिए वह बहुत दुखी है। वह बहुत भाग्यशाली है कि इस घटना में उनकी जान बच गई।



### मंगेतर के जल्द ठीक होने की कर रहे कामना

पिरिल्ली ने बताया कि रविवार को नीले आसमान में उड़ने और हवा में कुछ करने का अच्छा मौका था। लेकिन अब वह यह चाहते हैं कि उनकी मंगेतर और पायलट जल्द से जल्द ठीक हो जाए। उन्होंने बताया कि हमें मौसम और समय का खामियाजा भुगतना पड़ा। तापमान गिरने के कारण धुंध छाने लगी और अचानक सब अंधेरा हो गया। पिरिल्ली ने बुसानो में विमान को उतारने का फैसला किया, इसके लिए उन्होंने अपनी मंगेतर से संपर्क किया। डेमासी के पायलट ने कहा कि वह सैन गिलियो के पास उतरेगा।

## सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

# पाक के पूर्व पीएम इमरान को चुनाव से पहले बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आम चुनाव से पहले बड़ी राहत मिली है। इमरान खान को कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सिफर मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के पूर्व अध्यक्ष इमरान खान और उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी की जमानत याचिका को मंजूरी दे दी है।

इमरान और कुरैशी दोनों ही सिफर केस में आरोपी थे। दोनों को 10 लाख पाक रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी गई है।

### सिफर केस में मिली जमानत

पूर्व पीएम इमरान खान की जमानत 8 फरवरी 2024 को होने वाले पाक संसदीय चुनाव से पहले हुई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट द्वारा इमरान खान के जेल मुकदमे को शून्य घोषित करने के बाद आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 2023 के तहत स्थापित विशेष अदालत ने इस महीने की शुरुआत में पीटीआई संस्थापक को फिर से सिफर मामले में दोषी ठहराया था।



# पहले पिता को मारा, फिर विवि कैंपस में 15 लोगों की ली जान

**एजेंसी:प्राग।** चेक गणराज्य की प्राग यूनिवर्सिटी में एक बंदूकधारी युवक ने लोगों पर हमला कर 15 लोगों की हत्या कर दी। इस घटना में 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू कर लिया और बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली है। इस हिंसा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा कि वह इस हिंसा से स्तब्ध हैं। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों, रिश्तेदारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। पुलिस ने बताया कि ऐतिहासिक केंद्र को इस घातक हिंसा के कारण पूरी जगह को खाली करा लिया है और लोगों को घर के अंदर रहने की चेतावनी दी है।




## गाजा पट्टी में इजराइली सेना और हमास के बीच जारी है भीषण लड़ाई

# संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट, भुखमरी से जूझ रहे गाजा के 23 लाख लोग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

गाजा पट्टी में इजरायली सेना और हमास के बीच जारी भीषण लड़ाई के बीच संयुक्त राष्ट्र की आई रिपोर्ट युद्ध की भयावता के साथ डराने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार गाजा में 2.3 मिलियन यानी 23 लाख लोग भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं।

वहीं, युद्ध की वजह से गाजावासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अकाल का खतरा हर दिन बढ़ रहा है। अमेरिका आखिरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में सहायता पर मतदान कर सकता है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हालांकि यह एक सप्ताह पहले हो जाना चाहिए था। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर समझौता करने के लिए मिस्र के साथ उच्चस्तरीय बातचीत की है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है तो गाजा को और अधिक मानवीय सहायता प्राप्त हो सकेगी। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने विचार-विमर्श के बाद कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका नए पाठ का समर्थन करता है और यदि इसे वोट के लिए रखा जाता है तो अमेरिका इसका समर्थन करेगा।



**खास बातें**

- समझौता करने के लिए मिस्र के साथ उच्चस्तरीय बातचीत
- संयुक्त राज्य अमेरिका नए पाठ का समर्थन करता
- यूएन सहायता पहुंचाने का काम अपने हाथ में ले

### बातचीत कर रहा अमेरिका

अमेरिका के प्रमुख अखबार के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका अभी भी बातचीत कर रहा है। अमेरिका उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के पक्ष में नहीं है, जिसमें लड़ाई रोकने का भी आह्वान किया गया है। राफा सीमा को नियंत्रित करने वाला नए ड्राफ्ट का प्रसार डेढ़ सप्ताह की उच्च-स्तरीय वार्ता के परिणामस्वरूप हुआ।

### मिस्र ने भेजी मदद

कुछ दिनों पहले मिस्र की ओर से गाजा वासियों के लिए भोजन, पानी और दवाएं भेजी गई थी। हाालांकि, यह मदद ऊंच के मुंह में जीरे जैसी है। रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में मौजूद दस प्रतिशत लोगों को ही इस मदद से लाभ मिलने वाला है।

### अमेरिका ने राहत सामग्री की धीमी आपूर्ति पर चिंता जताई

सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने गाजा में राहत सामग्री की धीमी आपूर्ति पर चिंता जताई है। कहा कि इसे लेकर विश्व में व्यापक चिंता है। इससे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। हम राहत सामग्री की आपूर्ति तेज करने पर विचार कर रहे हैं। सुरक्षा परिषद में इससे संबंधित प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी चल रही है।

चिंतन

# बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क रहे सरकार

भारत सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है। देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा। यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील मानी गई है, लेकिन कर्ज इतना ना हो जाय कि ब्याज देनदारी में ही पसीने छूटे और भुगतान का संकट पैदा हो जाय। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, इसी के साथ सुरसा की भांति बढ़ते कर्ज अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। हाल के वर्षों में कर्ज के चलते देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी होते देनिया ने देखी है। पाकिस्तान, श्रीलंका का उदाहरण सामने है। कुछ वर्ष पूर्व तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट हमने देखा है। भारत की फ्रीबिज राजनीति जिस तरह चलन में आ गई है, इससे सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। अकार के हिसाब से बेशक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, लेकिन लगातार कर्ज का बढ़ना सरकार के लिए नया संकट खड़ा कर सकता है। देश के हर नागरिक पर 1.40 लाख रुपये का कर्ज है। सरकार को फिजूल खर्ची बंद करनी होगी, संपत्ति निर्माण से जुड़े खर्च बढ़ाना होगा, मुफ्तगिरी वाली योजनाओं को बंद करना होगा, विकास की दिशा को संपत्ति सृजन की तरफ मोड़ना होगा। चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजकोषीय घाटा व वित्तीय घाटा दोनों बढ़ा है। ये अनुमानित लक्ष्य से अधिक हैं। ऐसे में सरकार पहले से ही वित्तीय दबाव में है। जीएसटी कलेक्शन और प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है, लेकिन इसी के साथ सरकारी बैंकों का एनपीए भी बढ़ा है। बैड बैंक के आइडिये से सरकारी बैंकों की माली हालत में सुधार नहीं हुआ है, उन पर गैर निष्पादित अस्तियों का दबाव बना हुआ है। राज्यों की केंद्र पर वित्तीय निर्भरता बनी हुई है, राज्य वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो रहे हैं, उल्टे उनके कर्ज बढ़ते जा रहे हैं। सरकारों को समय रहते कर्ज पर अंकुश लगाना होगा। आईएमएफ ने कहा है कि भारत को लॉन्ग टर्म में कर्ज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, आईएमएफ की इस रिपोर्ट पर केंद्र सरकार ने असहमति जताई की है। भारत सरकार का मानना है कि सरकारी कर्ज से जोखिम काफी कम है, क्योंकि ज्यादातर कर्ज रुपये में है। आईएमएफ का कर्ज बढ़ने का दावा अतिश्योक्ति जरूर लग सकता है, लेकिन सरकार पर भारी कर्ज भविष्य का संकट है। सरकार को समझदारी से खर्च प्रबंधन के उपायों को अपनाना चाहिए। आईएमएफ की चेतावनी को हल्के में लेना ठीक नहीं होगा। सरकार बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क-सजग रहे तो अच्छा है।

# किसानों को संकट से उबारना जरूरी



दिवस विशेष
रवि शंकर

खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान की स्थिति देखकर देश के तमाम विकास के दावे बेमानी लगने लगते हैं। इसका एक कारण सरकार द्वारा किसानों पर जितना ध्यान देना चाहिए, उतना नहीं देना है। मालूम हो,सरकार ने किसानों को 2022 तक उनकी आय दो गुना करने का वादा किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागत का डेढ़ गुना करने का वादा किया था, लेकिन वादे केवल वादे ही बनकर रह गए। गौर करने वाली बात यह है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता।

यह विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई क्रांतिकारी सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। वहीं जरूरत से ज्यादा उत्पादन भी आफत का कारण बन जाता है, क्योंकि उसे उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और उसे उन्हें औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है। यदि किसान का उत्पादन अधिक हो जाए तो भी सरकार हाथ खड़े कर देती है और कम रहे तब भी सरकार को परेशानी होने लगती है(

भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। फिर भी उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिछले डेढ़-दो दशकों से जो भी सरकारें बनी, उसने कृषि क्षेत्र की उपेक्षा की। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं, लेकिन उनका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी न जाने कई योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा भारत निर्माण, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत काफी क्षेत्रों को सिंचित करने का प्रस्ताव भी है, लेकिन सही तरीके से क्रियान्वयन न होने की वजह से इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अक्सर यह बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है, लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे अधिक कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। यह एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास



दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद्य असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा होना निश्चित ही गंभीर बात है।
गौरतलब है कि भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी लोगों को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। भुखमरी का यह तस्वीर कृषि संकट का ही एक चेहरा है। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों की आत्महत्याओं में दिखाई पड़ रहा है।


कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। बरसों से देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें आ रही हैं, तो दूसरी तरफ तेजी से खेती से विमुख हो रहे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। इन हालात में, खासकर तब जबकि बेलगाम आबादी के लिए मंडराते खाद्यान्न संकट के मद्देनजर सरकार एक और हरित क्रांति की जरूरत पर जोर दे रही है। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले ही पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण मंचाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनीजरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति और भयानक हो सकती है। किसानी का पूरा काम इतना श्रम आधारित है कि इसमें शरीर तोड़ने वाले श्रम की जरूरत पड़ती है। किसान प्रकृति से भी लड़ता है क्योंकि प्रकृति कभी भी उसके नियम से चलती नहीं है और सरकार के द्वारा बनाई गई तमाम व्यवस्थाएं जो उसके प्रतिकूल जा रही हैं, किसान को उससे भी लड़ना होता है।

साफ है, लागत खर्च बढ़ने से देश के किसानों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यहां तक उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि अब किसानों के लिए खेती लाभप्रद व्यवसाय नहीं रह गई है और खेती से मोहभंग के कारण वे लगातार रोजगार के वैकल्पिक उपायों को अपना रहे हैं। अगर किसानों और कृषि के प्रति यही बेरुखी रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम खाद्य असुरक्षा की तरफ तेजी से बढ़ जाएंगे। जोकि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत है। खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


बलिदान दिवस
डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार



# अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द

धन्य है जालन्धर जिले के तलवन ग्राम की वह भूमि जहां नानकचन्द के घर में 1856 में स्वामी श्रद्धानन्द सरीखे राष्ट्रपुरुष ने जन्म लिया।


यद्यपि मुन्शीराम का आरम्भिक जीवन पिता के उच्चपदस्थ एवं धनसम्पन्न होने के कारण कुमार्गगामी हो गया था और शराब, मांस आदि के सेवन से अत्यधिक दुर्व्यसनी हो गया था, परन्तु शीघ्र ही उनके जीवन का सौभाग्य उदय हो गया। संयोग से महर्षि दयानन्द उस बरेली नगर में वेदप्रचार करने के लिए पहुंच गए जहां मुंशीराम के पिता नानकचन्द शहर कोतवाल थे और महर्षि के प्रवचनों के प्रबन्धक थे। जब नानकचन्द ने भव्य ऋषि के प्रवचन सुने तो उन्हें विश्वास हो गया कि मेरे पथभ्रष्ट पुत्र को ये ही सन्मार्ग पर ला सकते हैं और हुआ भी वहीं। ऋषि के व्याख्यान सुनकर मुन्शीराम महात्मा मुन्शीराम बन गए और जीवन में कुछ कर गुजरने का संकल्प कर लिया। उस दिव्य ऋषि के शिष्य ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। त्याग, तप और संयम की भट्ठी में स्वयं को ऐसा झोंका कि कुन्दन बनकर निकले। छत्तीस वर्ष की आयु में विधुर होने के बाद कठोर ब्रह्मचर्य व्रत को धारण किया। राजा जनक की भांति निर्लिप्त भाव से गृहस्थ धर्म के उत्तरदायित्व को पूरा किया। शीघ्र ही स्वामी दयानन्द द्वारा बताए हुए सन्देश को कार्यान्वित करने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को प्रारम्भ करने हेतु संकल्प लिया और केवल छह महीने के समय में तीस हजार रुपये एकत्रित कर लिए जो आज के तीस करोड़ के बराबर थे। महात्मा मुंशीराम की पारखी बुद्धि में यह जान लिया था कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही वह सरणी है जिस पर चलकर इस देश का युवा स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मसमानी बनकर राष्ट्र की पराधीनता की



जंजीरों को काट सकता है तथा धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से पतनोन्मुख राष्ट्र को सन्मार्ग पर प्रशस्त कर सकता है। 'उपहरे गिरीणां संगमे च नदीनां चिया विप्रो अजायत' इस वेदमन को मन में संजोकर 1902 में हरिद्वार के निकट कांगड़ी गांव में गंगा की दो धाराओं के मध्य गुरुकुल की स्थापना कर दी और सबसे पहले अपने दोनों पुत्रों हरिश्चन्द्र और इन्द्र को गुरुकुल में प्रविष्ट कर दिया। गुरुकुल कांगड़ी ने एक से बढ़कर एक विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक और वक्ता प्रदान किए। नारी शिक्षा के लिए भी महात्मा मुन्शीराम ने जालंधर में कन्या विद्यालय की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानन्द त्याग और तप की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति दान में दे दी। प्रेस और किले के आकार की भय कोठी को भी आर्य समाज को दे दिया। ऐसा सर्वमेध यज्ञ करने वाला कोई विरला ही होता है। अपने गुरु महर्षि दयानन्द के आदेश का स्वामी श्रद्धानन्द ने अक्षरशः पालन किया। संन्यास लेने के बाद स्वामी जी ने गुरुकुल को छोड़ दिया और दिल्ली में रहकर स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। महात्मा गांधी स्वामी जी को अपना बड़ा भाई मानते थे और उनके सम्मान में चरणस्पर्श करते थे। जलियांवाला निर्मम हत्याकांड के तुरन्त बाद अमृतसर में कांग्रेस का अधिवेशन स्वामी श्रद्धानन्द ने अपने बलबूते पर कराया और स्वयं स्वागताध्यक्ष बने तथा अपने स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम का परिचय देते हुए हिंदी में भाषण दिया। रोलेट एक्ट के विरोध में बड़े भारी जुलूस का नेतृत्व करते हुए दिल्ली के चादनी चौक के घंटाघर के पास जब गोरे सिपाहियों ने संगीनें तान दी तो निर्भीक स्वामी जी ने अपनी छाती अड़ा दी। 'हिम्मत है तो चलाओ गोली' तब स्वामी श्रद्धानन्द की हुंकार सुनकर गोरों की संगीनें झुक गईं। स्वामी श्रद्धानन्द की निर्भीकता, निष्पक्षता और मानवता को देखकर ही मौलाना अब्दुल्ला चुड़ीवाले ने जामा मस्जिद में भाषण देने के लिए आमन्त्रित किया और स्वामी जी ने जामा मस्जिद के दिम्बर पर खड़े होकर वेदमन्त्रों का उच्चारण करते हुए एक घंटे का भाषण दिया और उसके दो दिन बाद फतहपुरी मस्जिद में भी स्वामी जी का भाषण हुआ। स्वामी जी ही एक मात्र ऐसे हिन्दू नेता थे जिन्होंने मस्जिद में भाषण दिया भाई-चारे का सन्देश दिया। स्वामी जी के शुद्धि आन्दोलन बहुत जोर-शोर से चलाया और जो स्वेच्छा से हिन्दू बनना चाहते थे उन्हें स्वामी जी शुद्ध करके हिन्दू (आर्य) बना देते थे। स्वामी जी के इस कार्य के महत्व को समझे बिना कुछ संकीर्ण स्वार्थी महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के मुसलमान भाइयों को भड़काने और गुमराह करने का दुष्कृत्य किया जिसके परिणामस्वरूप अब्दुल रशीद नाम के एक अर्मांध मुसलमान ने रुग्णावस्था में विश्वास करते हुए स्वामीजी पर 23 दिसम्बर 1926 को तीन गोली मार कर शहीद कर दिया। ऐसे धुन के धनी, सत्योपासक, मानवता के सेवक, महान देशभक्त, वीर बलिदानी शताब्दियों बाद जन्म लेते हैं। ऐसे महान राष्ट्रवादी महापुरुष को बार-बार प्रणाम।

(लेखक सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-
कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे।

सटाका




आज की पाती

### बुढ़ापे में मिले सरकारी संरक्षण

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 फीसदी होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। इनसान ही नहीं, बल्कि अन्य प्राणियों पर भी एक समय बाद बुढ़ापा आता है। इनसान को प्राणी जाति में सबसे ज्यादा समझदार प्राणी समझा जाता है, क्योंकि अच्छे-बुरे सोचने की क्षमता सबसे ज्यादा प्राणी जाति में ही होती है।

- विकास शर्मा, महासमुंद

ट्रेंड

### असुरक्षा का सामना



यूक्रेन में लाखों लोग बढ़ते भय और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, क्योंकि युद्ध जारी है और सर्दियों की स्थिति शुरू हो गई है। संयुक्त राष्ट्र और साझेदारों का लक्ष्य आने वाले महीनों में 1.7 मिलियन लोगों तक महत्वपूर्ण आपूर्ति पहुंचाना है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### गाजा में भयानक संकट



मैं उन मौकों की गिनती भूल गया हूं जब मैंने सोचा था कि गाजा में संकट इससे भयावह नहीं हो सकता। लेकिन ऐसा फिर से हुआ है। हम 3 महीनों में 20,000 लोगों के मारे जाने की बात कर रहे हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं शामिल हैं।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### खुशी फैलाता जीवन



तितली का जीवनकाल केवल कुछ दिनों से लेकर एक सप्ताह तक का होता है। फिर भी यह कितने आनंद से इधर-उधर उड़ता है! यह हर किसी में खुशी और प्रसन्नता फैलाता है। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए।

-माता अमृतानंदमयी, आध्यात्मिक गुरु

### ग्रामीण भारत बहुत सुंदर



ग्रामीण भारत बहुत सुंदर है, माता-पिता के रूप में, हमें प्रौद्योगिकी से दूर रहना बहुत कठिन लगता है, इसलिए हम अपने बच्चों के लिए मिसाल कायम कर रहे हैं। बच्चों को ग्रामीण जीवन से परिचित कराने के लिए उदयपुर के अडिंगा गाँव का दौरा किया।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

करंट अफेयर

## कनाडा गाजा के नागरिकों को अस्थाई वीजा देगा



कनाडा ने गाजा पट्टी के उन लोगों को अस्थाई वीजा देने की घोषणा की है जिनके रिश्तेदार कनाडा में रहते हैं। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने बृहस्पतिवार रात इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान नौ जनवरी तक शुरू हो सकता है। हालांकि संघीय सरकार ने युद्धग्रस्त क्षेत्र से नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कोई आश्वासन नहीं दिया है। आव्रजन मंत्री मिलर ने कहा कि सरकार का ध्यान 660 कनाडाई नागरिकों, स्थाई निवासियों और उनके जीवनसाथियों तथा बच्चों को गाजा से बाहर निकालने पर है। मिलर ने कहा कि सरकार माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और पोते-पोतियों सहित कनाडा से जुड़े विस्तारित पारिवारिक संबंध वाले लोगों के लिए आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मानकों पर खरे उतरने वालों को सरकार तीन वर्ष के लिए वीजा देगी। मिलर ने कहा कि वह निश्चित तौर पर यह नहीं बता सकते कि इस अभियान के तहत कितने लोग कनाडा आ सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह संख्या सैंकडों में हो सकती है। आव्रजन मंत्री ने साथ ही कहा कि कनाडाई नागरिकों को गाजा से निकालना मुश्किल रहा है 'हमारी क्षमताएं सीमित हैं।'

ऑफ बीट

## मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### कृषि भूमि को डायवर्टेड कराकर बेच रहे भू-माफिया

# एसडीएम की शह पर सजी अवैध प्लाटों की दुकान....!

हरिभूमि, जबलपुर।

मप्र में नई सरकार के गठन पश्चात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दो टूक शब्दों में कहा कि अवैध कॉलोनियों के विकसित नहीं होने दिया जायेगा। बावजूद इसके एसडीएम पीके सेन गुप्ता सारे नियम कायदों को दरकिनार करते हुए खुद माफियाओं के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग करवा रहे है। इतना ही नहीं जबलपुर-पाटन रोड पर तो बकायदा प्लाटों की दुकान सजी नजर आ रहीं हैं। इससे शासन को हर साल करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान के साथ प्लाट खरीदने वाले भी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि पूरी दुकानें कॉलोनी सेल के एसडीएम पीके सेन गुप्ता की शह पर खुली हुई हैं।

गौरतलब है कि जबलपुर से पाटन रोड बाईपास के पास अवैध रूप से प्लाटिंग का खेल चल रहा है। कृषि भूमि को डायवर्टेड कर भूमि को प्लाट के रूप में बेचा जा रहा है। इसकी बकायदा सड़क किनारे बोर्ड लगाकर ब्रांडिंग भी की जा रही है। बोर्ड में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि टीएनसीपी जैसी सुविधाएं लेकिन टीएनसीपी से कोई अनुमति नहीं है।







शासन के नियम हैं कि बिना शासन की अनुमति के कहीं कोई कॉलोनी नहीं काटी जायेगी अगर काटी जाती है तो वह अवैध होगी।

### क्यों नहीं हो रही है कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि अवैध प्लाटों की दुकान सड़क किनारे सजी हुई है, और यहां से जिला प्रशासन के आला अधिकारी हर दिन निकल रहे हैं, आखिर क्या मजबूरी है उनकी जो कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं।

### ग्रामीणों को बना रहे निशाना

बताया जाता है कि अवैध प्लाटों की सड़क किनारे दुकान सजाने का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि यहां से जो भी ग्रामीण व्यक्ति निकलता है, उसकी निगाहें उस ओर जाती हैं। उसे ये ज्ञात नहीं होता कि इसकी अनुमति किसी विभाग से है या नहीं उसे लगता है कि प्लाट सस्ता मिल रहा है लेकर डाल देते हैं। जब सड़क नाली और बिजली की बात आती है तो डेवलपर तो पैसा लेकर फरार हो चुका होता है।

### सवाल पर बौखला गए एसडीएम

इस संबंध में जब एसडीएम सेनगुप्ता से जानकारी मांगी गई तो वह भू माफियाओं के नाम सुनते ही बौखला गए और ऐसी कोई प्लानिंग नहीं होने की बात रखते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। गौरतलब हैं कि यह वहीं एसडीएम है जिनको वर्ष 2018 में धनवंतरी नगर स्थित एक मकान में अपने साथी तहसीलदार के साथ रंगरलिया मनाते हुए पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा था।

### चुनाव पूर्व शासन ने किया था अवैध को वैध घोषित

ज्ञात हो कि मप्र सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व ही जबलपुर की लगभग 24 कॉलोनियों को अवैध से वैध करने का आदेश जारी किया था। इन अवैध कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने खून पसीने की कमाई से घर तो बना लिये थे लेकिन बिजली पानी और निकासी के साथ सड़क को भी तरस गये थे। इतना होने के बाद भी आखिर क्यों फिर से अवैध कालोनी की बसाहट कराई जा रही है ये समझ से परे है।

### क्या कर रहा ग्रामीण कालोनी सेल

कहने को तो शासन ने ग्रामीण क्षेत्र के लिये भी कॉलोनी सेल बनाया है, परंतु उसमें पदस्थ एसडीएम पीके सेनगुप्ता द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। कहा जा रहा है कि एसडीएम सेनगुप्ता द्वारा खुद माफियाओं को शह दे रहे है, कि अवैध कालोनी आज नहीं तो कल फिर वैध हो जायेगी। इसलिये कृषि भूमि को भी राजस्व विभाग द्वारा धड़ाधड़ डायवर्ट किया जा रहा है।

## अब प्राकृतिक खेती का पाठ पढ़ेंगे कृषि स्नातक विद्यार्थी

जबलपुर।

जलवायु परिवर्तन से हो रहे फसलों को नुकसान और खेती में बढ़ते रसायनिक खाद के उपयोग के दुष्परिणाम ने देश के कृषि शिक्षा से जुड़े विशेषज्ञों को चिंता में डाल दिया है। इससे निपटने के लिए उन्होंने कृषि पाठ्यक्रम में बदलाव किए हैं। यह बदलाव 2023-24 के नए शिक्षा सत्र से दिखाई देंगे। अब कृषि विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को माडल खेती के साथ प्राकृतिक खेती का पाठ भी पढ़ाया जाएगा।

**आईसीएआर ने देशभर के 60 से ज्यादा कृषि विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रम में जोड़ा**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(आइसीएआर) ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर समेत देश के 60 से ज्यादा कृषि विश्वविद्यालयों के बैचलर आफ एग्रीकल्चर साइंस यानी बीएससी एग्रीकल्चर के पाठ्यक्रम में प्राकृतिक खेती के विषय को जोड़ा है। अब विद्यार्थी को प्राकृतिक खेती के बारे में पढ़ाया जाएगा। इन दिनों जनेकृविवि ने 11 दिसंबर से स्नातक का नया सत्र शुरू कर दिया है, जिसमें नए स्लेबस में प्राकृतिक खेती से जुड़े सभी विषयों को जोड़ा गया है। कृषि शिक्षा का सिलेब्स बनाने वाले विशेषज्ञों ने गांव के किसानों और परंपरागत खेती करने वाले मालगुजारों से संपर्क किया। उनके खेती करने के गुर का अध्ययन किया। इससे होने वाले फायदों का डाटा तैयार किया। परंपरागत खेती से हो रहे फायदे और इस ओर से किसानों के दूरी के कारणों का पता लगाया। इसे माडल खेती से जोडऩे और इससे होने वाले फायदों के अध्ययन के बाद पूरा कोर्स तैयार किया गया है। इसमें हर वह जानकारी है, जो सालों से गांव में हो रही खेती के तरीकों में अपनाई जाती है।

# कोरोना के साथ स्वाइन फ्लू की दस्तक

### 1 महिला में पाए गए लक्षण, मेडीकल में भर्ती

जबलपुर।

कोरोना के बाद अब स्वाईन फ्लू ने भी दस्तक दे दी है। अब तक कोरोना से पीड़ित दो महिला सामने आई है। अब स्वाईन फ्लू पीड़ित भी सामने आ गया है। एक 43 वर्षीय महिला में स्वाईन फ्लू के लक्षण पाये गए जिसे उपचार के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला को सर्दी.बुखार के कारण परिजनों ने निजी अस्पताल में भरती कराया था। डाक्टरों ने महिला का सेम्पल जांच के लिए मेडिकल स्थित क्षेत्रीय जनजाति आयुर्विज्ञान



अनुसंधान भेजा, जहां महिला की स्वाइन फ्लू रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बाद परिजनों ने महिला को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों का कहना है कि मौसम में हो रहे बदलाव के चलते सर्दी.जुकाम के मरीज सामने आ रहे है, जिन लोगों को दमा या श्वांस की बीमारी है उन्हें इस प्रकार का इन्फ्लूएंजा होने का ज्यादा खतरा रहता है। ऐसे में अगर लंबे समय से सर्दी जुकाम या सांस चलने की बीमारी है तो वह चिकित्सक को तुरंत दिखाए, जिससे कि समय पर उपचार किया जा सकें। डाक्टरों का यह भी कहना है कि सर्दी के मौसम में स्वाइन फ्लू तेजी से फैलता है। अगर सर्दी खांसी के लक्षण आते है, तो तुरंत ही डॉक्टर को दिखाए। गौरतलब है कि इसके पहले नार्वे से आई 69 वर्षीय वृद्धा की रिपोर्ट भी कोरोना पाजिटिव आई है। कोरोना पाजिटिव इसके बाद स्वाइन फ्लू का मरीज सामने आने के कारण स्वास्थ्य विभाग सतर्पता बरत रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर।** केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को भी शहर में दो स्थानों एम आर-फोर रोड स्थित मुस्कान प्लाजा के सामने तथा बाई का बगीचा स्थित सामुदायिक भवन में शिविरों का आयोजन किया गया । दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुये । शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे ।

# लोकसभा में विधेयक पारित होने पर सुमित्रा वाल्मीकि ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

**जबलपुर।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा बालमीकि ने लोकसभा से पारित तीन न्याय संहिता विधेयक पर राज्यसभा में अपने उदबोधन में कहा के भारत की आपराधिक न्याय व्यवस्था अंग्रेजों कि एक ऐसी देन है जिसने पिछले देढ़ सौ वर्षों से अधिक समय से देश में अव्यवस्था और लाचारी का एक ऐसा जाल बुन रखा था जिस से न्याय की आस रखने वाले पीड़ितों का भला होने के जगह शोषण होता रहा,, जिन कानूनों के कारण आज तक भारत के एक बहुत बड़े तबके को न्याय के इंतजार में हाशिये पर रहना पड़ा आज मोदी सरकार उन्हें सम्मान देते हुए ये तीन कानून लेकर आई है, श्रीमती बालमीकि ने आगे कहा के मैं उस कमजोर पीड़ित, शोषित, व्यक्ति का हाथ पकड़ कर ये भरोसा दिलाना चाहती हूं के अब मोदी





सरकार उनके साथ है, महिलाओं को अपने ऊपर किये गये अत्याचारों की शिकायत करने से अब डरने की ज़रूरत नही है, क्योंकि अब मोदी सरकार उनके साथ है, अंत में उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश के यशश्वी ग्रह मंत्री अमित शाह जी का आभार व्यक्त किया।

### महापौर के निर्देश के बाद मैदान में उतरे अधिकारी

# सिविक सेंटर में जमे ठेले टपरे हटाए गये

जबलपुर।

नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिये शहर के सभी मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये थे। निर्देशों के पालन में अतिक्रमण विरोधी दस्ता शुक्रवार से सड़कों पर नजर आया। शहर के चारों तरफ अतिक्रण हटाने की कार्यवाही शुरु की गई। सिविक सेंटर, गंजीपुरा, फुहारा, कमानिया, सराफा मिलौनीगंज तक सड़कों के किनारे जमें ठेले टपरे हटाए गये। साथ ही दुकनदारों को समझाईश दी गई कि अपने अपने शेड तीन दिन के अंदर खोल लें और सड़कों पर सामान न रखें। इसके बाद सामग्री जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अधिकारी सागर बोरकर ने बताया कि सभी दल प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिये लगाया गया है। पहले दिन सिविक सेंटर से इसकी शुरुआत की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अब लगातार जारी रहेगी। नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दल ने शुक्रवार को सिविक सेंटर में दबिश दी, अतिक्रमण विरोधी दल के हीं पहुंचते ही चाय-पान के ठेले-टपरों में हड़कंप मच गया, और उनके दुकानें इधर-उधर करते देखे गए सिविक सेंटर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गयी, अतिक्रमण विरोधी दल




के प्रभारी ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई जारी रहेगी, मुख्य मार्गों, चौराहों-तिराहों सहित बाजार बाले क्षेत्रों और व्यस्त रखने वाले इलाकों से अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई होती रहेगी, दो दिन से अधिकारी दमोह नाका फ्लाई ओवर में आने वाले अतिक्रमण कारियों को चेतावनी दे रही है, उन्हें दो-तीन दिन का समय दिया गया है, इसके बाद कभी भी दमोहनाका से अधारताल छोर और दीनदयाल छोर में अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई होगी।

# 2 शातिर बदमाशों से चोरी की 17 बाईक जप्त

### छग से बाईक चुराकर बेचते थे शहर में

जबलपुर।

विजय नगर पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 17 मोटर सायकिले जप्त की हैं। जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई गई हैं। आरोपियों ने छत्तीसगढ़ के रायपुर से यह सभी मोटर सायकिले चोरी करना स्वीकार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विजय नगर पुलिस ने मिथिला पुरी कालोनी गार्डन के पास दो संदिग्ध लोगों को छत्तिसगढ़ पासिंग वाली दो संदिग्ध मोटर सायकल के साथ पकड़ा यहां राजीव गांधी नगर राजे साहू और चेतराम मढिया निवासी देवेन्द्र पटले पुलिस के हाथ लगे। जो चोरी की मोटर सायकल बेचने के फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक राजेश साहू जो बाईक मेकेनिक है, अपने साथी देवेन्द्र



पटेल के साथ छत्तिसगढ़ से मोटर सायकल चोरी करके लाया था और धीरे धीरे बेच रहा था। आरोपियां की निशानदेही पर घड़ी चौक विजय नगर स्थिति प्लाट में खड़ी 15 मोटर सायकलों को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 41 (1-4)379 के तहत कार्यवाही कर मामले की विवेचना की जा रही है। वाहन मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

## हीरा कार्बन का सबसे महत्वपूर्ण अपररूप है : कमिश्नर वर्मा

**जबलपुर।** कमिश्नर अभय वर्मा ने कहा है कि हीरा कार्बन का सबसे महत्वपूर्ण अपररूप है। यह सबसे ज्यादा चमकता है। इस कारण इसे गहनों के निर्माण में उपयोग लाया जाता है तथा इसके द्वारा बड़े-बड़े कांच को भी काटा जाता है। वे पंडित लज्जा शंकर मॉडल स्कूल



जबलपुर में संचालित ज्ञानाश्रय निशुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र छात्राओं को कार्बन के अपररूपों में हीरा, ग्रेफाइट, फूलेरिन, नेनों ट्यूब, ग्रेफाईन, कैवलार, सल्फर के उपयोग पर चर्चा कर रहे थे। ग्रेफाइट के संबंध में पढ़ाते समय वर्मा ने बताया कि यह ऊर्जा और बिजली प्रवाह का बेहतर माध्यम है। विश्व में इसकी सर्वाधिक मात्रा चीन में तथा दूसरे नंबर पर भारत है। नेनों ट्यूब का उपयोग स्पेस क्राफ्ट बनाने में तथा रोबोट की मसल्स बनाने में किया जाता है। ग्रीन का उपयोग सुपर बैटरी में, ग्रेफीन इंक, पेंन्ट आदि के बारे में विस्तार से समझाया।


### पूर्व केंद्रीय मंत्री व नरसिंहपुर विधायक प्रहलाद पटेल का विधानसभा में प्रथम उद्बोधन, बोले आलोचना करें लेकिन विकास में व्यवधान न बनें

# आज ही तय करें कल के मध्य प्रदेश की तस्वीर

### विकसित भारत के लिये विरासत के साथ विकसित मध्य प्रदेश बनाने का संकल्प लें

जबलपुर।

भाजपा के दिग्गज एवं नरसिंहपुर से विधायक प्रहलाद पटैल ने विधानसभा में अपने पहले उद्‌बोधन में कहा कि पूरे सदन को अभी तय करना होगा कि अगले पांच साल बाद मप्र विकास की किन ऊंचाईयों को स्पर्श करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने विजन और नीयत को स्पष्ट रूप से तय करें कि हमारा अंतिम लक्ष्य मप्र और इसकी जनता का कल्याण है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल में प्रवेश करते हुये विकसित भारत के लिए विरासत के साथ विकसित मप्र के लिए हमें नए विजन और नए मिशन के संकल्पों के साथ काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें कृत संकल्पित होना होगा।



इससे पूर्व अपने भाषण के प्रारंभ में श्री पटैल ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### मैं यहां सीखने आया हूं

श्री पटैल ने कहा कि वे सदन में अपने वरिष्ठों से कुछ नया सीखने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का कितने बार नाम लिया गया, ये अहम नहीं है। जरूरी है मिलेट्स की जानकारी, जो दी गयी है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स यानी श्री अन्न। उन्होंने कहा कि ये दुनिया का सर्वोत्तम भोजन है और अब वास्तव में पूरा संसार इस भोजन की ओर उन्मुख हो रहा है और हम इसके सबसे बड़े उत्पादक हैं। आशय यह है कि श्री अन्न भी हमारी प्रगति की राह साफ कर सकता है। बीते समय में क्या हुआ, क्या नहीं, इस पर चर्चा न हो,बल्कि आगे के लक्ष्यों पर बात की जानी चाहिए। श्री पटैल ने महाभारत में अर्जुन-कृष्ण संवाद और महान लेखक लियो टॉल्सटॉय की एक कहानी को उल्लेखित करते हुये स्पष्ट किया कि आलोचना अवश्य की जानी चाहिए, लेकिन केवल व्यवधान पैदा करने के लिए विरोध नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अपने एक अभिन्न मित्र के एक पत्र का जिक्र करते हुये जीवन के विविध पहलुओं पर बात की।

### इतिहास किसी की मर्जी से नहीं लिखा जाता

श्री पटैल ने कांग्रेस नेता व विधायक राम निवास रावत की बात का जवाब देते हुये कहा कि आज हम केवल राज्यपाल के अभिभाषण पर बात करने के लिए एकत्रित हुये हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद इतिहास के साथ क्या हुआ और बाद में क्या बदलाव हुये, ये किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास कभी किसी की मर्जी से नहीं लिखा जाता।

### लक्ष्य आंख से ओझल न हों

श्री पटैल ने कहा कि हमें हमारे लक्ष्य सदैव स्मरण होने चाहिए। गरीब कल्याण हमारा प्रथम लक्ष्य है,जिसे पूर्ण करने के लिए निःशुल्क राशन वितरण योजना एवं आयुष्मान कार्ड का इंतजाम किया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बात करें तो एक के बाद हमने कई पड़ाव तय किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम इस बारे में बात करते हैं तो लगता है कि हम पीएम की प्रशंसा कर रहे हैं,जबकि ऐसा नहीं है। पीएम आवास योजना, शौचालय निर्माण एवं उज्ज्वला गैस योजना ने हमारे देश की बहु-बेटियों के जीवन को अत्यधिक प्रभावित किया है,जो पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

### जब कामठी में स्टापेज हो सकता है तो सिहोरा में क्यों नहीं

# रीवा-इतवारी (नागपुर) ट्रेन के स्टापेज की मांग

**सिहोरा।** रीवा से चलकर इतवारी (नागपुर) चलने वाली ट्रेन गाड़ी नम्बर 11753 11754 जो कि सप्ताह में 03 दिन चलती है, सोम, बुध तथा शनिवार को रीवा से चलने वाली रींवा-इतवारी का सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में हाल्ट दिया जाने की मांग सिहोरा अप डाउननर्स संघ द्वारा पूर्व मे भी गई थी तथा ज्ञापन के माध्यम से रेल प्रशासन से अनुरोध किया गया था,किन्तु कोरोना के चलते हाल्ट नहीं दिया गया था। रीवा से शाम 5:20 बजे छुटने वाली ट्रेन कटनी शाम 7. 40 पहुंचती है तथा रात्रि 8:10 पर सिहोरा से गुजरती है । इसी प्रकार नागपुर से वापसी में यह ट्रेन शाम को 6.30 बजे इतवारी से रवाना होकर सुबह 3.35 बजे जबलपुर पहुंचती है,एंव सुबह 4.30 बजे सिहोरा से गुजरती है इस ट्रेन का सिहोरा मे स्टापेज होने से सिहोरा के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को जिन्हें इलाज कराने बस से यात्रा करना पड़ता है, उन्हे सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा मिल सकेगी।



कामटी में हो गया स्टापेज पर सिहोरा में नहीं

रीवा इतवारी ट्रेन का 21 दिसम्बर से कामटी स्टेशन पर स्टापेज हो गया है जिसका सभी ने स्वागत किया है। लेकिन इतने दिनों से सिहोरा में लोग स्टापेज की मांग कर रहे पर यहां नहीं हुआ जिससे लोगों में निराशा के साथ सरकार के प्रति मन में आक्रोश भी है।अनेक यात्रियों ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव तक पूरा जबलपुर क्षेत्र सांसद विहीन हो गया क्योंकि यहां के सांसद विधायक बन गये है और सांसद पद से स्तीफा दे दिया है जिससे अब यहां की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। भाजपा ने तो अपने सांसदों को चुनाव लडवा दिया और वो जीत भी गये लेकिन अब यहां के लोग अपनी मांग किसके सामने रखे इससे भाजपा को कोई मतलब नहीं है पार्टी ने तो चुनाव लड़वाकर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली । सिहोरा अप डाउनर्स संघ ने रेल प्रशासन से रीवा इतवारी ट्रेन का सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में 2 मिनट का हाल्ट दिए जाने की मांग की है।



## वैश्य महा सम्मेलन के कैलेंडर का विमोचन

**सिहोरा।** वैश्य महासम्मलेन तहसील इकाई सिहोरा के वैश्य कैलेंडर कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर कनकने,संजय साहू, प्रदेश साहित्य प्रकोष्ठ संयोजक रामदयाल गुप्ता के आतिथ्य में जिला महामंत्री एवं तहसील प्रभारी मनोज जैन के खितौला स्थित आवास में किया गया जिसमें कलेंडर विमोचन के साथ महासम्मलेन की जिला ग्रामीण अध्यक्ष कृष्णा सरावगी के प्रस्ताव पर विनय जैन को जिला मंत्री,विजय श्रीपाल को संगठन मंत्री एंव मयंक जैन को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया इसके साथ ही संगठन का नये सिरे से गठन करने के संबंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर गोविन्द सुहाने, बाबी सरावगी, प्रकाश चौदहा, जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सौरभ बड़कुल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## जगद्गुरु शंकराचार्य ने किया जगद्गुरुकुलम परमहंस माँ ललिताधाम का कार्यारंभ

**जबलपुर।** परमाराध्य परम धर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामि श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज 1008 जी ने अपने करकमलों से ग्राम बेलखाडू स्थित "जगद्गुरुकुलम परमहंस माँ ललिताधाम" के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा शंकराचार्य जी महाराज का गाजे-बाजे, जयघोष के साथ पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। शंकराचार्य महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि जगद्गुरुकुलम से सनातन धर्म और संस्कृति की स्थापना होगी, इस पवित्र कार्य में सभी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। इस अवसर पर शंकराचार्य जी महाराज ने "परमहंस मां ललिता फाउण्डेशन" के द्वारा वृद्धजनों का सम्मान कर उन्हें गर्म कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर चैतन्यतानंय जी, आचार्य भृगुदत्त उपाध्याय महाराज, परमहंस माँ ललिता देवी फाउण्डेशन के संस्थापक, संचालक श्रीमती ममता गर्ग, पं. धीरेन्द्र कुमार गर्ग, एड. ब्रजेश दुबे, गौरीशंकर पटेल, महेंद्र साहू, सीताराम पटेल, रवि पटेल, राकेश नगाइच, विजय पटेल, विनोद उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, शुभम पटेल सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।



## महिला नेतृत्व क्षमतावर्धन कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** स्वस्थ एवं सुरक्षित नागरिक कार्यक्रम के तहत 21 दिसम्बर को नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में मदन महल स्थित सभागार में स्व-सहायता समूह के महिला लीडर्स का क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में बस्तियों के 26 महिला लीडर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था की निर्देशक कहकशा खानम ने महिलाओं को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बताया कि मूलभूत आवश्यकताओं जैसे पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधा और आजीविका की मांग जीवन जीने का अधिकार के तहत आता है। कार्यकर्ता श्रीमती कौशल चौधरी ने महिलाओं को कचरा प्रबंधन, कचरे से जैविक खाद बनाने और इस जैविक खाद से किचिन गार्डनिंग की तकनीक व इसके फायदे की जानकारी प्रदान की। कार्यकर्ता दीक्षा यादव और भावना बेदी ने महिलाओं को स्व-सहायता समूह के निर्माण, उसके सशक्तिकरण और उसके व्यावसायिक कार्य पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में वृन्दा चौधरी, सरिता चौधरी, रूपा कोल, छोटीबाई, प्रेरणा कोल, गायत्री चौधरी, सुनीता चौधरी, ममता साखरे, सुरक्षा साखरे, निर्मला कोरी, सुशीला कोल, सुषमा बैरागी, रानी चौधरी, मिथलेश चौधरी व किरन चौधरी सहित अन्य महिला लीडर्स उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष शिवकुमार ने किया।



### कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सुशासन की शपथ

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों ने शुक्रवार को सुशासन की शपथ ली । कलेक्ट्रेट स्थित सभी विभागों के अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे । अधिकारियों-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ अपर कलेक्टर नाथूराम गौड ने दिलाई । ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये उनके जन्म दिवस के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस बार 24 दिसम्बर को रविवार और 23 दिसम्बर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने से सुशासन की शपथ शुक्रवार को दिलाई गई।

## पाठक की अंग्रेजी व गणित की पुस्तक का विमोचन

**सिहोरा।** साहित्यकार रमाकांत पाठक की कक्षा आठवीं की अंग्रेजी एवं कक्षा दसवीं की गणित की पुस्तक के विमोचन के साथ उनकी रचनाओं पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन पाठक मंच द्वारा राघवेंद्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य,वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता एंव नागेन्द्र कुररिया के विशिष्ट आतिथ्य तथा विजय बागरी के सारस्वत आतिथ्य में किया गया। जिसमें नारायण तिवारी,संजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एंव सुषमा खरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।पाठक ने अपनी साहित्यिक यात्रा की चर्चा करते हुए बताया कि वे अनेक वर्षों से लेखन में संलग्न हैं। पिछले वर्षों में आकाशवाणी से रचनाओं और वार्ता का प्रसारण होता था। सभी अतिथियों के साथ मुकेश त्रिपाठी, आशा निर्मल जैन, सुषमा कर्चुली, डॉ.अशोक तिवारी, नीलेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, अखिलेश मिश्रि, डॉ.अरुणा पाण्डे आदि ने पाठक की सहज, सरल अभिव्यक्ति को सराहा। पाठक ने बताया इस कार्य की प्रेरणा उन्हें अपनी माता, पिता से मिली थी। गणित और अंग्रेजी की ये पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए कितनी उपयोगी साबित होंगी यह बात पुस्तक पर चर्चा के दौरान मुकेश त्रिपाठी ने कही। सूरज प्रसाद पाठक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी में संकल्प योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास, रोजगार जनरेशन बोर्ड एवं उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु के मध्य MOU के तहत सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27 अक्टूबर से बी.ए. एवं बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्राओं के बैच से प्रारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत UNNXT प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अरुण शुक्ल (संभागीय समन्यवयक, स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन योजना) ने छात्राओं को ओर आत्मविश्वास से भरपूर रहने को प्रेरित किया। समारोह में अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीणा बाजपेई, समन्वयक डॉ बिंदु शर्मा एवं प्रशिक्षक नेहा मेहता ने छात्राओं को भविष्य के लिए जागरूक रहने को बताया। कार्यक्रम में डॉ. रागनी अग्रवाल, डॉ. ज़रीना जॉन चौधरी, डॉ. उमेश कुमार दुबे, डॉ. वीना श्रीवास्तव, रेणु बाला घई, के.के. दुबे, श्रीमती उषा जैन की उपस्थिति रही।

## शराब के लिए रुपये नहीं देने पर बदमाशों ने की मारपीट

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत सुभाषनगर महाराजपुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर लकड़ी के बत्ते से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर महाराजपुर निवासी 26 वर्षीय वेदांत शुक्ला तनवीर ढाबा में काम करता है। गत रात लगभग 10.30 बजे विवेक उर्फ चूहा पांडे अपने साथी अभिषेक पटेल और 17 वर्षीय किशोर के साथ वेदांत शुक्ला के पास आया और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर तीनों गालीगलौज करने लगे। विवेक उर्फ चूहा पांडे ने लकड़ी के बत्ते से और अभिषेक पटेल व 17 वर्षीय किशोर ने मारपीट कर चोटें पहुंचा दी और तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी 23 वर्षीय विवेक उर्फ चूहा, 21 वर्षीय अभिषेक पटेल और 17 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 327, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है।

### राजभाषा पत्रिका 'प्रगति पथ' के अंक-16 का विमोचन

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न



**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में एडीआरएम ने दिया पत्राचार में शतप्रतिशत अनुपालन पर जोर। अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन एवं सामान्य) एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 184 वीं बैठक डीआरएम ऑफिस के सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (ए एंड जी) प्रदीप कुमार ने मंडल की राजभाषा गृह पत्रिका 'प्रगति पथ' के अंक-16 'का विमोचन किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक (ए एंड जी) प्रदीप कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमने हाल ही में राजभाषा मास-2023 मनाया जिसके दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा समापन कार्यक्रम पर वर्ष के दौरान अधिकाधिक व प्रशंसनीय रूप से कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# उजारपुरवा में बदमाशों का आतंक

### पुरानी रंजिश पर तोड़फोड़ पथराव

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत उजारपुरवा में पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने मिलकर घर और दुकान पर पत्थर फेंके और घर के बाहर खड़ी बाईक व एक्ससे वाहन में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए। बीच बचाव करने आए पड़ोसी पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया और युवक के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। डायल 100 को सूचना देने पर तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उजारपुरवा निवासी 43 वर्षीय राकेश विश्वकर्मा गत देर रात लगभग 1.30 बजे अपने घर में सो रहा था। तभी अचानक घर के ऊपर पत्थर गिरने की आवाज आई तो वह घर से बाहर निकला तो उजारपुरवा निवासी ब्रम्हइया उसके घर पर पत्थर फैंक रहा था एवं पुरानी रंजिश पर गाली गलौज कर रहा था, गालियां देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए। ब्रम्हइया, बालराज, वेणुगोपाल और बुड्ढा चारों उसके घर, बाजू वाली दुकान में पत्थर फेंके और घर के बाहर रखी बाईक व एक्सिस में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए। राकेश की पत्नी रेवती, बड़ा भाई दिलीप और भाभी अनुराधा व पड़ोसी प्रीतम चौधरी बीच बचाव करने आए तो बुड्ढा ने डंडे से प्रीतम के माथे व नाक पर हमला कर घायल कर दिया। डायल 100 को सूचना देने पर चारों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 427, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## पूड़ी तल रही खौलती कढ़ाई में गिरा युवक झुलसा

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत भानतलैया स्थित बड़ी खेरमाई मंदिर में भंडारे का खाना बनाने के दौरान एक युवक तेल से खौलती हुई कढ़ाई में जा गिरा। बताया गया है कि ठंड होने की वजह से युवक भट्टी के पास आंच तापने लगा उसी दौरान उसका पैर फिसला और वह कढ़ाई में गिर गया, जिसे इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। युवक गर्म तेल से 60 फीसदी झुलस गया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस बड़ी खेरमाई मंदिर में भंडारा चल रहा था। बीती रात लगभग 1.30 बजे कढ़ाई में से पुरी निकालते वक्त हनुमानताल निवासी 26 वर्षीय अभय वर्मा नामक युवक कढ़ाई के पास खड़े होकर आग तापने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह खोलती हुई कढ़ाई में जा गिरा। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को मेडिकल अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत मुड़िया बायपास पनागर में गत शाम सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लीटी उमरिया थाना पनागर निवासी 52 वर्षीय रामसहारे केवट का गत 21 दिसंबर की शाम लगभग 5.30 बजे मुड़िया बायपास पनागर में सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण भांजे सूरज केवट द्वारा मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान गत 21 दिसंबर की शाम लगभग 5.45 बजे रामसहारे केवट की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## पुराने विवाद का समझौता करने बुलाया और चाकू मारा

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत फोन कर एक बदमाश ने एक युवक को पुरानी रंजिश पर समझौता करने के लिए गुरुकुल गार्डन बुलाया और बातचीत के दौरान बदमाश ने गालीगलौज कर युवक का पकड़ा और बदमाश के अन्य दोस्त ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। युवक के दोस्तों ने बीच बचाव किया तो दोनों आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालमाटी चांदमारी निवासी शिखर झाडे के भाई दीपांशु झाडे को शाम लगभग 6.30 बजे फोन कर पुरानी रंजिश पर समझौता करने गुरुकुल गार्डन बुलाया था। शिखर झाडे अपने दोस्त मानस बेन और कृष्णा राय के साथ एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसएस 8854 से गुरुकुल गार्डन गया जहां कोई नही थी। तभी शिखर ने तनय राय को फोन करके बताया कि हमलोग यहां खड़े है, इसके बाद तनय राय अपने एक अन्य साथी के साथ रात लगभग 8.30 बजे आया और बातचीत के दौरान तनय उत्तेजित होकर शिखर के साथ गालीगलौज करते हुए शिखर को पीछे से पकड़ लिया और तनय के दोस्त ने शिखर की पसली पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उसके भाई दीपांशु, मानस बेन और कृष्णा राय ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान शेखर के जेब में रखे कुछ पैसे और मोबाइल गिर गया। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्री अजीत सिंह कुशवाहा-** घड़ी चौक विजय नगर निवासी श्री अजीत सिंह कुशवाहा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा मनानी-** राजुल ड्यूपलेक्स नेपियर टाउन निवासी श्री ईश्वरदास मनानी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा मनानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई-** न्यू पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री शंकर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगजीत सिंह राखरा-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री जगजीत सिह राखरा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कर्नल प्रेम कुमार नायक-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी कर्नल प्रेम कुमार नायक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. नंदिनी मलिक-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री गणेश मलिक की पुत्री कु. नंदिनी मलिक (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अभिलाष कुंडे-** सदर लाल स्कूल के पास निवासी श्री पारस कुंडे के पुत्र श्री अभिलाष कुंडे (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल चौधरी-** कांचघर संजय गांधी वार्ड निवासी श्री मोहन लाल चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जवाहर लाल जायसवाल-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री जवाहर लाल जायसवाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जयंती प्रसाद शर्मा-** रतननगर मदनमहल निवासी श्री जयंती प्रसाद शर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम स्वरूप रजक-** छापर रामपुर निवासी श्री राम स्वरूप रजक (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील कुमार लोहिया-** एरावत काम्पलेक्स हाथीताल निवासी श्री सुशील कुमार लोहिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जमना प्रसाद झारिया-** रोसरा पाटन रोड निवासी श्री जमना प्रसाद झारिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता नेमा-** सुदामानगर आमनपुर मदनमहल निवासी श्री रविशंकर नेमा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता नेमा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भरतरी-** श्याम लाल यादव काम्पलेक्स घाना खमरिया निवासी श्री भरतरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा पिल्लई-** बिलहरी पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री काशीनाथ पिल्लई की धर्मपत्नी श्रीमती राधा पिल्लई (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने प्रदेश के सांसदों से की रात्रि भोज पर मुलाकात, मप्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

- रात्रि भोज में सभी राजनीतिक दलों के लगभग 26 सांसद शामिल हुए
- सांसदों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ, शॉल, शिवलिंग किया भेंट
- मप्र भवन में हुए कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को प्रदेश के सांसदों से रात्रि भोज पर मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

मध्य प्रदेश भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा, वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा एवं श्री हितानंद शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के लगभग 26 सांसद शामिल हुए। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के समन्वय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रदेश में क्रियान्वयन और भारत सरकार के समक्ष लंबित प्रदेश से जुड़े विषयों पर संसदीय क्षेत्रवार चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में सांसदों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ, शाल, शिवलिंग और अन्य उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी और प्रदेश के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देने उज्जैन से पैदल आए आंजना और साथी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं देने जसवंत सिंह आंजना, संतोष शर्मा, संजय आंजना और शुभम पांचाल उज्जैन से पैदल चलकर विन्ध्य कोठी भोपाल आए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र चलने से आंजना और साथियों को विधानसभा बुलवाया। मुख्यमंत्री का आंजना ने पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया।

### 16 दिसंबर से यात्रा शुरू की

उज्जैन के आंजना ने बताया कि अपने साथियों के साथ उन्होंने 16 दिसंबर को दोपहर एक बजे उज्जैन से पैदल यात्रा आरंभ की और प्रतिदिन लगभग 40 किमी पैदल चलते हुए गुरुवार को सुबह भोपाल पहुंचे। दल को जब पता चला कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 21 दिसंबर को दिल्ली जा रहे हैं, तो दल ने गुरूवार सुबह तीन बजे से ही पैदल यात्रा आरंभ कर दी एवं समय पर भोपाल पहुंच गए। यात्रा व्यवस्था में अरविंद सिंह गजराज सिंह झाला, अजय जोशी और राजेश आंजना ने सहयोग किया।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर बुदनी निवासी बहन सायरा को मिली ट्राई साइकिल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से बुधवार रात को दिए गए निर्देशो को गुरूवार को अमलीजामा पहनाते हुए जिला प्रशासन ने बुदनी की दिव्यांग बहन सायरा बानो को ट्राई साइकिल प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार देर रात भोपाल में विभिन्न स्थानों पर निराश्रित लोगों और अस्पताल परिसर में नागरिकों से भेंट की थी। परिजन के उपचार के लिए भोपाल आई इनमें से एक सायरा बानो से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निसंकोच अपनी बात कहने को कहा। बुदनी निवासी सायरा ने मुख्यमंत्री को कहा था कि यदि उसे ट्राई साइकिल मिल जाए तो उसका जीवन आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सायरा को जब बहन कहा तो सायरा की आंखें नम हो गई थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सायरा को ट्राई साइकिल गुरुवार ही मिल गई है। कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल अमल करते हुए गुरुवार को सायरा को ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी है।

---

### राज्यपाल के अभिभाषण पर सालों बाद पक्ष व विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा

# सत्ता पक्ष ने सरकार की एक-एक योजना की तारीफ की, विपक्ष ने कई मुद्दों पर घेरा



*सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जवाब तक शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान सदन में काफी गहमागहमी हुई। चर्चा में कुल 31 सदस्यों ने भाग लिया।*

### विस अध्यक्ष तोमर ने नोंक-झोक को कराया शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के चार दिनी सत्र में गुरूवार को अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पक्ष व विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर काफी सार्थक चर्चा हुई। पिछली 15वीं विधानसभा के पांच सालों के उथल-पुथल भरे सत्र व सदस्यों के बीच कई बार अव्यावहारिक बहस, चर्चा आदि पर जैसे विराम लगता हुआ दिखा। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर मुख्यमंत्री के जवाब शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान सदन में काफी गहमागहमी हुई। चर्चा में कुल 31 सदस्यों ने भाग लिया। दोनों तरफ से सदस्यों ने अपनी बात कही।

अभिभाषण पर चर्चा की शुरूआत वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने की। उन्होंने काफी नपे-तुले शब्दों में सरकार की एक-एक योजनाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि संकल्प पत्र सिर्फ संकल्प पत्र नहीं है, यह मोदी की गारंटी है। जो मोदी की गारंटी है, वह पूरी होगी। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संकल्प यात्रा शुरू की गई है। वह भी मोदी की गारंटी योजना है। यह एक तरह से डबल इंजन सरकार का दस्तावेज है। उन्होंने 2003 से 2023 के बीच में हुए भाजपा सरकार के विकास व उपलब्धियों के एक एक बिंदुओं को सदन में रखा और कांग्रेस की विफलताओं को उजागर किया।

**खास बातें**

- 2003 से 2023 के बीच में हुए भाजपा सरकार के विकास व उपलब्धियों के एक-एक बिंदुओं को सदन में रखा गया



### रावत ने ली सत्ता पक्ष की चुटकी

कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य ने सत्ता पक्ष के पहली पंक्ति में बैठे सदस्यों की चुटकी ली। उन्होंने कहा कि जो गुणगान करेगा, वही चल पाएगा। यहां बैठे नेताओं को देखिएं। ऊपर का गुणगान नहीं कर पाए तो यहां आ गए। इस पर हालांकि सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ जमकर नोकझोंक हुई। बाद में अध्यक्ष तोमर ने सभी को शांत करा दिया। अध्यक्ष ने कहा कि यदि इसी तरह से होता रहेगा तो रावत जी जो कहना चाहते हैं, वह छूट जाएगा। ऐसे में मुद्दे की बात करें। इसके बाद उन्होंने अभिभाषण पर विरोध दर्ज कराया।

### पांच साल का मंतव्य दिखाया

भाजपा के वरिष्ठ सदस्य प्रह्लाद पटेल ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार के पांच साल के मंतव्य को दिखाती है। उन्होंने केंद्र सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की और बताया कि किस तरह से सदन परंपराओं व नियमों में बंध कर काम करती है तो इसका लाभ हर व्यक्ति को मिलता है। उन्होंने कहा कि अहंकार व स्वाभिमान के बीच के फर्क को हमें तय करना है। उन्होंने विपक्ष के बार-बार के टोकाटाकी पर भी बड़ी विनम्रता से सीख दी। उन्होंने कहा कि हमे सोचना होगा कि भविष्य कैसे बेहतर होगा।

### पूछे सवालों का जवाब मिलना चाहिए

राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाते हुए राम निवास रावत ने सत्ता पक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि स्थाई आदेश है कि सदन की बैठकों में प्राप्त प्रश्न एवं सूचनाएं जो स्वीकृत होकर विभाग को उत्तर के लिए भेजी जा चुकी है। ऐसे में तो अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तर सभा के विघटन होने के बाद व्यपगत माने जाएंगे। उन्होंने इस नियम को बदलने की मांग की।

### प्रधानमंत्री ने 9 बातों का ध्यान देने को कहा था

विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 9 बातों का ध्यान रखने को कहा था। वे उस पर पूरी तरह से अमल कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि पानी की हर बूंद का सहेजना है। गांव को डिजिटल बनाने की जरूरत है। स्वच्छता के लिए हर गांव व शहर में काम होना चाहिए। वोकल फार लोकल उसका मूल मंत्र है। इसके साथ ही साथ सांस्कृतिक अभ्युदय, प्राकृतिक खेती, योग व खेल तथा देश के हर व्यक्ति की सोच यह होनी चाहिए कि वह एक-एक गरीब के उत्थान में खुद को शामिल करें।

### योजना में 60 फीसदी राशि केंद्र की होती है

रावत ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष को जमकर आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं में प्रधानमंत्री का नाम होना चाहिए। किंतु अभिभाषण में 48 बिंदु है, इसमें 48 बार मोदी का नाम आया है। जबकि महज 14 बार सीएम का नाम आया है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर से केंद्र शासित प्रदेश को भेजा गया अभिभाषण पढ़ा जा रहा है। वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव ने इस पर बचाव किया। उन्होंने कहा कि 60 फीसदी राशि केंद्र की होती है। ऐसे में मोदी की बात करना जायज है।

### सदन चलता है तो सरकार को एक आईना दिखता है: बच्चन

वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य बाला बच्चन ने कहा कि सत्र चलने से विपक्ष को अपनी बात कहने का अधिकार बना रहता है। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है। पूरे प्रदेश में यह स्थिति है। इसे रोकने की जरूरत है। अवैध सट्टा, अवैध शराब आदि का काम खूब हो रहा है। जब सदन में मेरी बात नहीं सुनी जाएगी तो कहा कही जा सकती है।

### पहले सागर से भोपाल आने के लिए रेल से आना पड़ता था: भार्गव

वरिष्ठ भाजपा सदस्य गोपाल भार्गव ने कहा कि मप्र में 2003 से पहले सड़कों की क्या हालत थी। सभी को पता है। जबलपुर से यहां आने में रेल से आना पड़ता था। एमएलए रेस्ट हाउस में चिमनी में अखबार पढ़े हैं। आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है। सड़क, बिजली में मप्र का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने अभिभाषण पर सरकार की जमकर तारीफ की।उ

### जितनी जिसकी संख्या, उतनी हिस्सेदारी होना चाहिए: बरैया

कांग्रेस के फूलसिंह बरैया ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि जितनी जिसकी संख्या, उतनी भागीदारी होनी चाहिए। राज्यपाल महोदय भले ही न कहें, पर हम तो अपना हक लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गायों की दुर्गति हो रही है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। कितनी गायों की मौत हादसों में हो रही है। इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है।

---

**सचिवालय से पीएस मनीष रस्तोगी को हटाने से हुई थी शुरुआत**
**फिर आईएएस मनीष सिंह को मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी बनाया**

# पूर्व सीएम के ओएसडी नीरज वशिष्ठ को हटाया टीएंडसीपी आयुक्त मुकेश चंद्र का भी ट्रांसफर

*कुछ दिनों के अंदर ओएसडी और सचिव को भी हटाया जा सकता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों की पदस्थापना शुरू कर दी है। इसके पहले पूर्व सीएम के करीबी रहे अधिकारियों को बदलने की कार्रवाई शुरू हो गई है। जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह के बाद सीएमओ में मुख्यमंत्री के डिप्टी सेक्रेटरी नीरज वशिष्ठ को हटा दिया है। उनको मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी पदस्थ किया गया है।

वहीं, टीएंडसीपी के विशेष कर्तव्य अधिकारी सह आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल मुकेश चंद्र गुप्ता को हटा दिया है। अब वह योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए हैं। इससे पहले उनके पास विभाग का अतिरिक्त प्रभार था। वहीं, टीएनसीपी आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार इंदौर में पदस्थ श्रम आयुक्त श्रीकांत बनोठ को सौंपा गया है। इस संबंध में गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए।

इससे पहले सचिवालय में पदस्थ मनीष रस्तोगी को हटा दिया गया था। पीएस सीएम सचिवालय की जिम्मेदारी आईएएस राघवेंद्र सिंह को दी गई।

इसके साथ ही विवेक पोरवाल को जनसंपर्क का आयुक्त बनाया। वहीं मेट्रो कार्पोरेशन का एमडी नीरज मंडलोई को भी बनाया था। माना जा रहा है कि कुछ दिनों के अंदर ओएसडी और सचिव को भी हटाया जाएगा। सीएम सचिवालय में नई टीम करेगी। अभी प्रीति मैथिल और अंशुमान सिंह सीएम यादव के सचिवालय में पदस्थ हैं। हालांकि उन्होंने पद से मुक्त किए जाने की इच्छा जताई थी।

### कई विभागों में फेरबदल, कलेक्टर भी हटेंगे

नेताओं के साथ ही मंत्रालय और फील्ड में पदस्थ कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं। विवाद करने वाले अफसरों पर भी गाज गिरेगी। मालवा के कई कलेक्टर हैं, जिन्होंने मंत्री रहते हुए मोहन डॉ. मोहन यादव के आदेश पर आपत्ति जताई थी। उज्जैन के तत्कालीन कलेक्टर भी बड़े शहर में कलेक्टर के पद पर हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हर आदेश का विरोध किया। इसी तरह मंत्रालय में भी कई विभागों के पीएस और एसीएस की जिम्मेदारियों में भी बदलाव की संभावना है। कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं।

---

# सीएम साय बोले- प्रदेश में दिखना चाहिए कानून का राज, वीसी बैठक में कलेक्टर-एसपी को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था को लेकर सख्त दिखाई दिए। शुक्रवार को उन्होंने मंत्रालय में एक खास बैठक ली। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री प्रदेश के तमाम जिलों के कलेक्टर और एसपी से जुड़े और उन्हें जरूरी निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हर जिले के बारे में अधिकारियों से बात की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कानून व्यवस्था पर एक्शन जरूरी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज दिखना चाहिए। शराब की अवैध बिक्री, जुआ सट्टा, मामलों पर सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में कोई कोताही बर्दाश्त न करने की बात अफसरों से कही है।



### प्रॉपर्टी संबंधी मामलों की ली जानकारी

इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव ने प्रदेश के कलेक्टरों से प्रॉपर्टी संबंधी मामलों की जानकारी ली। राजस्व मामलों में विवाद, अटके हुए मामलों में देरी बर्दाश्त न करने की सीधी बात मुख्यमंत्री ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में कहीं से भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। राजस्व राजस्व से जुड़े सभी काम तत्काल होने चाहिए।

### केंद्र ने प्रदेश के लिए दिए 2485.79 करोड़

शुक्रवार को केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को फंड्स जारी किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केन्द्र सरकार की ओर से केन्द्रीय करों से मिली राशि में छत्तीसगढ़ के हिस्से की राशि राज्य को ट्रांसफर करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। आगामी त्यौहारों और नये वर्ष को देखते हुए केन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ को 2485.79 करोड़ रूपए की किश्त जारी की गई है। इस राशि से राज्य सरकार को समाज कल्याण की योजनाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की योजनाओं मदद मिलेगी।

---

### छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

# 9 मंत्रियों ने ली शपथ, सरगुजा संभाग से मुख्यमंत्री समेत 4 मंत्री

### इन विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ, नए और पुराने चेहरों को भी मंत्रिमंडल में किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में हुआ। इस दौरान सबसे पहले भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम ने छत्तीसगढ़ के मंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली। छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में 9 नए कैबिनेट मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, सभी मंत्री छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम करेंगे। सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उनके साथ ही सात अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा को 13 दिसंबर को शपथ दिलाई गई थी, जबकि नौ अन्य विधायकों को शुक्रवार को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

नारायणपुर विधायक केदार कश्यप और अनुसूचित जाति से नवागढ़ के विधायक दयालदास बघेल उन विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। साथ ही कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन, मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है।

### मंत्रिमंडल में पांच नए चेहरे

साय ने अपने मंत्रिमंडल में पांच नए चेहरे और पूर्ववर्ती रमन कैबिनेट के चार पूर्व मंत्रियों पर दांव खेला है। साथ ही सबसे अधिक ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) वर्ग से पांच विधायकों को मंत्री पद देने का निर्णय लिया गया है, जो कि पहली बार मंत्री बने। इनमें कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन, मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा शामिल हैं। पूर्व मंत्रियों में सामान्य वर्ग से रायपुर-दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल, अनुसूचित जनजाति वर्ग से रामानुजगंज विधायक रामविचार नेताम व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप और अनुसूचित जाति से नवागढ़ के विधायक दयालदास बघेल को मंत्री बनाया गया है।



### मंत्रियों की गाड़ी भी तैयार

स्टेट गैरेज के अधिकारियों का कहना है कि उनकी तरफ से 11 गाड़ियां तैयार करवाई गई हैं। इन गाड़ियों को निर्देश मिलने के बाद पुलिस लाइन भेजा जाएगा।

### सरगुजा संभाग से ज्यादा मंत्री

विष्णुदेव साय सरकार में सरगुजा संभाग से सबसे अधिक मुख्यमंत्री समेत चार मंत्री हैं। इस संभाग से मुख्यमंत्री साय, रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े और श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हैं। हालांकि सरगुजा संभाग से इस बार सभी 14 सीटें भाजपा के खाते में गई हैं।

### बिलासपुर संभाग से तीन मंत्री

इस संभाग से उप मुख्यमंत्री अरुण साव समेत ओपी चौधरी और लखनलाल देवांगन शामिल हैं।

### दुर्ग संभाग और रायपुर से से दो-दो मंत्री

दुर्ग संभाग से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और दयालदास बघेल को मौका मिला है। वहीं रायपुर संभाग से बृजमोहन अग्रवाल और टंकराम वर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली।

### बस्तर संभाग के खाते में सिर्फ एक

आदिवासी बाहुल्य बस्तर से इस बार केवल केदार कश्यप को मंत्री बनाने का निर्णय लिया गया। इसके पहले इस संभाग से कम से कम तीन मंत्री हुआ करते थे। भूपेश सरकार में भी यहां से दो मंत्री थे। हालांकि कयास लगाए जा रहे हैं कि 13वां मंत्री बस्तर से ही हो सकता है क्योंकि बस्तर की 12 में से आठ सीटों पर भाजपा और चार सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं।

### नगरीय निकायों के 1200 मनोनीत पार्षदों की सेवाएं की गई समाप्त



**रायपुरः** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश के नगरीय निकायों के 12 सौ से अधिक एल्डरमैन की सेवाएं समाप्त कर दी है। इन सभी की नियुक्ति कांग्रेस सरकार के समय हुई थी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है। कहा जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव होने के बाद भाजपा सरकार नए सिरे से नियुक्तियां करेगी। उक्त आदेश के बाद प्रदेश में सियासत फिर से गरमा गई है। विपक्ष भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार पर हमलावर है।

# अब सर्दियों में लहसुन रुला रहा महंगाई के आंसू, कीमतों में लगी आग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सर्दियों के मौसम में प्याज के बाद अब लहसुन की कीमतों में आग लग गई है। पिछले कुछ हफ्तों में देश में खुदरा बाजार में लहसुन के दाम 300 से 400 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। इस कारण लोगों के घर का बजट बिगड़ गया है। वहीं, थोक बाजार में इसकी कीमत 150 से 250 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है।

- थोक बाजार में कीमत 150 से 250 रुपए प्रति किलोग्राम तक

दाल, चावल और प्याज की बढ़ती कीमतों ने पहले ही लोगों के घर के बजट को बिगाड़ रखा है। पिछले कुछ वक्त में प्याज की कीमत में कमी देखी जा रही है लेकिन, अब लहसुन के दाम में आई तेजी से आम लोगों के घर का बजट बिगड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लहसुन की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे दो कारण हैं।

## खुदरा बाजार में लहसुन के दाम 300 से 400 रुपए किलो पहुंचा

### क्यों महंगा हो रहा है लहसुन

खुदरा और थोक बाजार में लहसुन की कीमतों में बढ़ोतरी का कारण एक फसल के नुकसान और अगली फसल में देरी है। लहसुन दो मौसमों खरीफ और रबी में उगाया जाता है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, राजस्थान और कर्नाटक में किसान खरीद फसल की खेती करते हैं। इसमें जून-जुलाई में रोपाई होती है और सितंबर के बाद कटाई की जाती है। जबकि रबी की फसल सितंबर-नवंबर में बोई जाती है और मार्च के बाद कटाई की जाती है। खरीफ की फसल की कटाई में देरी की वजह से कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।



### कब तक बढ़ते रहेंगे लहसुन के दाम

व्यापारियों का मानना है कि जनवरी के अंत तक खुदरा बाजार में लहसुन की कीमत 250 से 350 रुपए किलो के बीच बनी रह सकती है। ऐसे में आम लोगों को फिलहाल लहसुन की बढ़ी कीमतों से राहत नहीं मिलने वाली है। इसके साथ ही एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि जनवरी के बाद कीमतों में कुछ कमी जरूर देखी जा सकती है। मगर, लहसुन के दाम सामान्य स्तर तक आने में मार्च तक का वक्त लग सकता है।

### खराब मौसम के कारण फसल को नुकसान

पहला कि इस बार खराब मौसम के कारण लहसुन की फसल को बहुत नुकसान हुआ है। इसकी पैदावार पर बुरा असर पड़ा है। महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश मुख्य लहसुन उत्पादक राज्यों में से एक हैं। यहां बेमौसम बारिश ने लहसुन की फसल पर बुरा असर डाला है। इसके साथ ही खरीफ की फसल की कटाई में देरी के कारण भी सप्लाई चेन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसका असर लहसुन के दाम पर दिख रहा है।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने जुटाए 3,400 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने विनिर्माण योजना के नई कोष पेशकश से 3,400 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड एक 'ओपन-एंडेड इक्विटी' योजना है जो एक से 15 तक खुली थी। थीमैटिक फंड को देश के 500 से अधिक स्थानों से निवेशक क्षेत्रों से मजबूत भागीदारी मिली।

### सारदा एनर्जी को परिचालन क्षमता बढ़ाने मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (एसईएमएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसे अपने लौह अयस्क पैलेट संयंत्र की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की मंजूरी मिल गई है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड ने उसके लौह अयस्क पैलेट संयंत्र की मौजूदा क्षमता आठ लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर नौ लाख टन सालाना करने की मंजूरी दी है।

### श्री बालाजी वॉल्व के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** इस्पात उत्पाद बनाने वाली श्री बालाजी वॉल्व कंपोनेंट्स ने अपने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 95-100 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसका आईपीओ 27 दिसंबर को खुलेगा और 29 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ के तहत 21.6 लाख नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे।

### मोतीलाल ओसवाल का स्मॉलकैप कोष में निवेश

**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने 'स्मॉल कैप फंड' के तहत नये कोष की पेशकश (एनएफओ) के दौरान 1,350 करोड़ रुपये जुटाये हैं। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में 'स्मॉल-कैप फंड' के तहत लाये गये एनएफओ के जरिये जुटायी गयी यह अधिकतम राशि है।

### ऑफिस स्पेस का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा



**नई दिल्ली।** कार्यस्थल संबंधी समाधान प्रदाता कंपनी 'ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस' ने आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 160 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### द डिस्पोजल का नागिन सॉस के साथ करार

**नई दिल्ली।** द डिस्पोजल कंपनी (टीडीसी) ने प्लास्टिक प्रदूषण संकट को कम करने और खाद्य उद्योग में टिकाऊ प्रक्रियाएं को बढ़ावा देने के लिए नागिन सॉस के साथ एक करार किया है। कंपनी की संस्थापक भाग्यश्री जैन ने कहा, नागिन सॉस के साथ हमारी साझेदारी स्थिरता और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम इस तरह की साझेदारी के जरिए खाद्य जगत में 'वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसेज' में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।

## बढ़ते गुणवत्ता मानकों को स्थिर रखना होगा चैलेंज

# दवा उद्योग के चुनौतियों के बीच नए साल में निरंतर वृद्धि करने की उम्मीद

- किफायती जेनेरिक उत्पादों के साथ वैश्विक बाजार में बनाई पैठ
- अनुसंधान और विकास के मद में निवेश बनाए रखने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू दवा उद्योग को बढ़ते हुए गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने सहित विभिन्न चुनौतियों के बीच 2024 में निरंतर वृद्धि की उम्मीद है। किफायती जेनेरिक उत्पादों के साथ वैश्विक बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पहचाना जाने वाला उद्योग बना।

बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को आगे बढ़ाने, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश करने और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है भारतीय दवा उद्योग से की जा रही है।

### राष्ट्रीय दवा नीति पर जोर

आईपीए में शीर्ष घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, अरबिंदो फार्मा, सिप्ला, ल्यूपिन और ग्लेनमार्क शामिल हैं। जैन ने कहा कि इस साल सरकार ने फार्मा मेडटेक सेक्टर (पीआरआईपी) में अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय दवा नीति पर दृष्टिकोण पत्र जैसी विभिन्न नीतिगत पहलों की घोषणा की और जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान 'वन हेल्थ' पर भी जोर दिया।

### सस्ती दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो

*इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, 'नीतिगत सुधार और भारत की उद्यमशीलता शक्ति का अभिसरण इस क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देगा। साथ ही यह भारत और वैश्विक स्तर पर मरीजों के लिए उचित गुणवत्ता वाली एवं सस्ती दवाओं की निरंतर आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगा।*

### जापान के लिए पसंदीदा स्थान बन रहा

डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय दवा क्षेत्र का लक्ष्य 2030 तक 120-130 अरब अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 350-400 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का है। 'मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एमटीएआई) के चेयरमैन पवन चौधरी ने कहा कि बदलती भू-राजनीति स्थिति तथा वैश्विक रुझानों के साथ भारत में, एशिया में निवेश के लिए पश्चिमी देशों तथा जापान के लिए पसंदीदा स्थान बनने की क्षमता है, अगर देश साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण जारी रखता है।



- आईपीए में शीर्ष घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा बनी

### निर्यात में सालाना आधार पर आठ फीसदी की वृद्धि

ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ग्लेन सल्दान्हा ने कहा कि भारतीय दवा उद्योग ने पिछले पांच वर्षों में निर्यात में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा, "मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ने की हमारी रणनीति के तहत नवाचार और जटिल जेनेरिक विकसित करने पर जोर देने के साथ हम दुनिया भर में मरीजों की बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।

### दवा उद्योग व सरकार के बीच साझेदारी बढ़े

'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया' (ओपीपीआई) के महानिदेशक अनिल मटाई ने कहा कि दवा क्षेत्र 2024 में निरंतर वृद्धि और नवाचार के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, अगले साल हम सरकार और दवा उद्योग के बीच निरंतर साझेदारी की उम्मीद करते हैं। इससे प्रगति होगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और अंततः एक स्वस्थ व अधिक मजबूत समाज विकसित करने में मदद मिलेगी।

### दो व्यवधानों को दूर करने की जरूरत

चौधरी ने कहा, 'इस क्षेत्र में उच्च सीमा शुल्क और सार्वजनिक खरीद पर प्रतिबंध जैसी बाधा डालने वाले दो व्यवधानों को शीघ्र दूर करने की आवश्यकता है।'

# देश में 2030 तक ईवी में पांच करोड़ नौकरियां पैदा होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- 19वें ईवी एक्सपो 2023 को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया संबोधित
- सालाना एक करोड़ ईवी की बिक्री होने की उम्मीद

भारत में 2030 तक सालाना एक करोड़ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री होने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि इससे करीब पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। गडकरी ने 19वें ईवी एक्सपो 2023 को संबोधित करते हुए कहा, 'वाहन आंकड़ों के अनुसार भारत में 34.54 लाख ईवी पहले ही पंजीकृत हैं।' केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत में दुनिया का शीर्ष ईवी विनिर्माता बनने की क्षमता है और सरकार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लाजिस्टिक में ईवी को बढ़ावा

गडकरी ने कहा कि सरकार ने मौजूदा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हाइब्रिड और पूरी तरह से ईवी में बदलने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक में तेजी से ईवी को बढ़ावा देने का है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी कायम

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 242 अंक और चढ़ा, निफ्टी में 94 अंकों का उछाल
- आईटी शेयरों में खरीदी से बाजार में रही तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 242 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से आईटी शेयरों में लिवाली और अमेरिकी बाजारों के मजबूत रुख से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 241.86 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,106.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.45 अंक तक चढ़ गया था।

निफ्टी भी 94.35 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,349.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो सबसे ज्यादा छह प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, मारुति, टाटा स्टील, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "गिरावट पर खरीदारी की रणनीति से बाजार में तेजी रही...मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर मांग में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी तथा अगले साल नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से बाजार में मजबूती आई।

### एशियाई बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक दायरे में रहा।

## ल्यूपिन ने सनोफी से उत्पादों का अधिग्रहण किया





**नई दिल्ली।** घरेलू दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने एक करोड़ यूरो (91 करोड़ रुपये) में सनोफी से यूरोप और कनाडा में स्थापित उत्पादों का एक खंड हासिल किया है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ल्यूपिन अटलांटिस होल्डिंग्स एसए (स्विट्ज़रलैंड) ने सनोफी के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सनोफी फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय दवा एवं स्वास्थ्य सेवा कंपनी है। समझौते के तहत ल्यूपिन जर्मनी में एएआरएएनई और कनाडा तथा नीदरलैंड में एनएसीआरओएम ब्रांड का अधिग्रहण करेगी। 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए इन बाजारों में उक्त ब्रांडों का कारोबार करीब 64.94 लाख अमेरिकी डॉलर (53.7 करोड़ रुपये) था।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 615.97 अरब डॉलर

- समाप्त सप्ताह में 9 .11 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.85 अरब डॉलर पर था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के चलते दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर बनाए रखने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया। इससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.34 अरब डॉलर बढ़कर 545.04 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को शामिल किया जाता है।

## बीईएल को दो कंपनियों को मिला 2,673 करोड़ का ठेका...




**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड से 2,673 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि इसमें लघु, कुटीर एवं मझोले (एमएसएमई) उपक्रम सहित इलेक्ट्रॉनिक और संबद्ध उद्योगों की भागीदारी होगी जो बीईएल के उप-विक्रेता हैं। बीईएल द्वारा निर्मित उपकरण आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का हिस्सा हैं। बीईएल को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड से 1,701 करोड़ रुपये और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड से 972 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इसके अलावा कंपनी को 15 दिसंबर, 2023 तक 86.15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त ठेके भी मिले थे। ये ठेके विविध पुर्जों तथा सेवाओं से संबंधित हैं।

# मारुति हरियाणा में अपना दूसरा जेआईएम करेगी स्थापित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- राज्य सरकार के साथ किया समझौता
- परिचालन अगले साल से शुरू होगा

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने हरियाणा में दूसरा जापान-भारत विनिर्माण संस्थान (जेआईएम) स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नया संस्थान रोहतक जिले के कंसाला में स्थापित किया जाएगा और इसका परिचालन अगले साल से शुरू होगा। लगभग पांच एकड़ में फैले मौजूदा आईटीआई को 5.8 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत कर जेआईएम बनाया जाएगा। कंपनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कंसाला में जेआईएम के लिए भूमि और भवन प्रदान किया है, जबकि कंपनी उपकरण, प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रशिक्षित शिक्षक प्रदान करेगी। कंपनी इसके अलावा 15 साल तक इस संस्थान का प्रबंधन भी करेगी। एमएसआई के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा, 'भारतीय यात्री वाहन उद्योग अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और बढ़ता हुआ उद्योग है।

## वसूले गए 2,125 करोड़ रुपए पेनल्टी

# सरकार का खजाना देरी से पैन-आधार लिंक कराने वालों ने भरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पैन-आधार को देरी से लिंक कराने वालों से अब तक 2,125 करोड़ रुपए पेनल्टी की वसूली की है। 30 जून 2023 मुफ्त में पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख थी। इसके बाद जिन लोगों ने पैन-आधार लिंक कराया है उनमें से हर पैन कार्ड होल्डर से सरकार ने 1,000 रुपए पेनल्टी वसूलने के बाद पैन-आधार लिंक किया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा सांसद ने वित्त मंत्री से सवाल किया कि 30 जून 2023 तक कितने लोगों ने अपने पैन कार्ड को आधार नंबर के साथ लिंक किया है? साथ ही पैन-आधार नहीं करने के चलते कितने लोगों के पैन कार्ड को डिएक्टिवेट किया गया है। इस सवाल का लिखित में जवाब देते हुए वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा, 30 जून तक 54,67,74,649 पैन कार्ड को आधार के साथ लिंक किया गया है।

- 30 जून 2023 मुफ्त पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख थी

### पैन-आधार लिंक न होने पर रिफंड नहीं

पैन-आधार को लिंक नहीं किए जाने पर की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी देते हुए वित्त राज्य मंत्री ने बताया, पैन को आधार के साथ लिंक नहीं करने पर पैन के इनऑपरेटिव होने के बाद टैक्सपेयर को कोई टैक्स रिफंड बकाये का भुगतान नहीं किया जाता है। पैन के इनऑपरेटिव रहने के अवधि के लिए रिफंड पर ब्याज का भुगतान भी नहीं किया जाता है। अगर टैक्सपेयर पर कोई टैक्स बनता है तो उससे ज्यादा रेट पर टैक्स की वसूली की जाती है। एक अनुमान के मुताबिक देश में 70 करोड़ के करीब पैन कार्ड धारक हैं जिसमें से अभी तक 60 करोड़ पैन कार्ड धारक ने ही पैन-आधार को लिंक किया है।




### 2125 करोड़ लोगों से वसूली रकम

इस प्रश्न का जवाब देते हुए वित्त राज्य मंत्री ने बताया, एक जुलाई 2023 से लेकर 30 नवंबर, 2023 के दौरान 2.125 करोड़ लोगों ने 1,000 रुपए पेनल्टी का भुगतान कर पैन-आधार को लिंक किया है। उन्होंने बताया कि इसके जरिए सरकार ने 2,125 करोड़ रुपए रकम की वसूली की है।

### पैन कार्ड डीएक्टिवेट नहीं किया गया

वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि किसी भी पैन कार्ड को डीएक्टिवेट नहीं किया गया है। अगर पैन को आधार के साथ लिंक नहीं किया गया है तो पैन केवल इनऑपरेटिव हो गया है। फूलो देवी ने सरकार से सवाल किया कि ऐसे कितने लोग हैं जिन्होंने पैन-आधार को लिंक कराने के लिए 1,000 रुपए का भुगतान किया है और अब तक सरकार ने कितने रकम की वसूली की है?

# सोने में 300 रुपए की तेजी चांदी 400 रुपए मजबूत

- सोना 63,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजड़िया रुख वाले कारोबार के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 300 रुपए की तेजी के साथ 63,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,050 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 400 रुपए मजबूत होकर 79,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना मजबूती के साथ 2,050 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी बढ़त के साथ 24.45 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,050 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो वैश्विक बाजारों में पिछले बंद से 13 डॉलर अधिक है।

## अपर कलेक्टर ने की धान उपार्जन की समीक्षा

# खरीदी से संबंधित मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल करें कार्रवाई



**जबलपुर।** एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों का अकस्मिक निरीक्षण करें और प्रतिदिन खरीदी की समीक्षा भी करें। जहां भी गड़बड़ी की शिकयतें मिले तत्काल कार्यवाही करें। किसानों को खरीदी केन्द्रों पर किसी भी तरह की परेशानी न हो, खरीदी के लिए उन्हें लम्बा इंतजार न करना पड़े इस पर भी विशेष ध्यान दें। ये निर्देश शुक्रवार की शाम कलेक्टर कार्यालय में आयोजित धान उपार्जन की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ सभी एसडीएम को दिये।

अपर कलेक्टर ने बैठक में कहा कि एसडीएम न केवल खुद खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से भ्रमण करें बल्कि तहसीलदारों को भी निरीक्षण के लिये भेजें। उन्होनें कहा कि किसानों से धान उपार्जन राजस्व अधिकारियों को सर्वेच्च प्राथमिकता में रखना होगा। राजस्व अधिकारियों को देखना होगा कि धान खरीदी की मात्रा और परिवहन में अंतर न हो। पर्ची जारी हो जाने के बाद किसानों की धान की समय पर तुलाई हो और पोर्टल पर भी ऑनलाइन एंट्री हो। खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर ही स्थापित किये गये है, इसलिये परिवहन में किसी भी सूरत में विलम्ब नहीं होना चाहिये। एसडीएम को स्वीकृत पत्र और ईपीओ जारी होने से लेकर किसानों को समय पर भुगतान हो जाये इस पर भी नजर रखनी होगी।

अपर कलेक्टर ने बैठक में कहा कि एसडीएम और तहसीलदारों को निरीक्षण के दौरान इस ओर विशेष ध्यान देना होगा कि खरीदी हो जाने के बाद धान बाहर न रखी रहे। उन्होनें कहा कि एसडीएम प्रतिदिन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों से खरीदी की रिपोर्ट लें और जहां भी खरीदी और परिवहन की मात्रा में बहुत अंतर दिखाई दे उन केन्द्रों पर धान की आवक से लेकर पर्चियां काटने, तुलाई होने और स्वीकृति पत्र जारी किये जाने तक की प्रक्रिया का स्वयं परीक्षण करें।

अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने स्पष्ट किया कि किसानों की आड़ में बिचौलिये उपार्जन व्यवस्था का अनुपस्थित लाभ न उठा पायें, इस पर एसडीएम और तहसीलदारों को विशेष ध्यान देना होगा। इस तरह की मिलने वाली प्रत्येक शिकायत पर तत्काल और कठोर कार्यवाही करनी होगी। खरीदी केन्द्राW पर सर्वेयर ठीक से सर्वे कर रहें हैं या नहीं, धान की तुलाई सही हो रही है या नहीं, इस पर भी एसडीएम को नजर रखनी होगी। उन्होनें सभी एसडीएम से कहा कि उन स्थानों पर किसी भी हालत में अभी धान की खरीदी प्रारंभ न हो जहां केन्द्र बनाया जाना प्रस्तावित है। केन्द्र विधिवत स्थापित हो जाने के बाद ही ऐसे स्थानों पर खरीदी प्रारंभ की जाये।

धान उपार्जन की समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले में अभी तक 23 हजार 544 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये गये हैं और 10 हजार 755 किसानों से 1 लाख 28 हजार 629 मैट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। खरीदे गये धान की इस मात्रा में से 75 हजार 704 मैट्रिक टन का परिवहन हो चुका है तथा परिवहन की गई धान की मात्रा के 68 हजार 454 मैट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक जारी हो चुके है। खरीदी गई धान की एवज में अभी तक 107 करोड़ रूपये का भुगतान भी किसानों को किया जा चुका है। बैठक में अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड तथा उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।



# मंगल कलश यात्रा से इंद्रध्वज विधान का हुआ शुभारंभ

**मंगलगान से गूंज उठी संस्कारधानी महावीर जिनालय में हुआ आयोजन**

**जबलपुर।**

शुक्रवार को प्रातः काल की मंगल बेला पर मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर नायक महावीर भगवान की जय, जिनवाणी माता की जय, तीन कम नौ करोड़ दिगम्बर महामुनिराजों की जयघोष के साथ जिनशासन के मंगलगानों से गुंजायमान हो उठी, मंगलमय प्रसंग था श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन द्वारा श्री इंद्रध्वज विधान के मंगलमय शुभारंभ पर निकाली गई भव्य मंगल कलश शोभायात्रा का। फेडरेशन के मिडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि प्रातः 7:30 बजे मंगल कलश शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीमती पुष्पा जैन के निवास से हुआ जो बड़ा फुहारा होकर विमलकुमार जैन सूरत साड़ी के निवास चरहाई पहुंची जहाँ पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में साधर्मीगण जिनशासन का मंगल ध्वज एवं अष्टमंगल द्रव्य लेकर मंगलगान करते हुए शोभायात्रा के साथ महावीर स्वामी दिगम्बर जिन मंदिर बड़ा फुहारा पहुंचे जहाँ आयोजन कर्ता परिवार के साथ मुख्य ट्रस्टिंगणो द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर कल शहपुरा में

**जबलपुर।** स्व. हेमराज सिंह गौर की स्मृति में 12वां निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर हेमराज आई केयर ऑप्टिकल सेंटर बस स्टैंड शहपुरा (भिटौनी) में 24 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 10 से 2 तक आयोजित किया जा रहा है,जिसमें जबलपुर के देव जी नेत्रालय के संचालक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.पवन स्थापक एवं हेमराज आई केयर के संचालक ऑप्टोमेट्रिस्ट नीतेश सिंह गौर एवं स्टाफ द्वारा शिविर में आए हुए सभी मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच कर निःशुल्क परामर्श देंगे तथा जरूरत अनुसार दवाइयां भी निःशुल्क देंगे। चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन देव जी नेत्रालय जबलपुर में पूर्णतः निःशुल्क किये जायेंगे,एवं मरीजों को लाने लेजाने रहने खाने की व्यवस्था भी रहेगी। मरीज अपना आधारकार्ड, समग्र आईडी सांथ ले जाकर शिविर का लाभ ले सकते है। आँखों की कोई भी बीमारी जैसे- आंख का लाल होना,पानी आना,दूर व पास का कम दिखना,चश्मा न.,मोतियाबिंद, कांचियाबिन्द ,नाखूना,अक्सूर, रेटिना की समस्या आदि की जिस भी मरीज को है।

# एक दिन में 1 हजार से अधिक लोग बनायेंगे रक्तदान का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## कॉफी हाउस चेयरमेन के अमृत महोत्सव पर दो दिवसीय आयोजन आज से




**जबलपुर।** सहकारिता के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाने वालें इंडियन कॉफी हाउस कॉपरेटिस सोसायटी न केवल कॉफी हाउस चलाने में बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में बिना किसी प्रचार प्रसार के सक्रिय रहती है। वर्तमान में 8 हजार लोगों को काम मिल रहा हैं। समाज सेवा की अनुकरणीय पहल करते हुए कॉफी हाउस सोसायटी अध्यक्ष ओके राजगोपालन के 75वें जन्मदिवस पर न केवल रक्त दान का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहा है बल्कि किडनी पीड़ित मरीजों के लिए विक्टोरिया अस्पताल को इस अमृत महोत्सव में दो डायलिसिस मशीन भी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा मेडीकल कॉलेज अस्पताल के समीप स्थित वृद्धा आश्रम में फीजियाथेरैपी मशीन के साथ-साथ अन्य उपयोगी सामाग्री भी वृद्ध आश्रम को प्रदान की जाएगी। इस आशय की जानकारी यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान सोसायटी के चेयरमेन एम प्रकाशन ने दी। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि महाकौशल में इंडियन कॉफी हाऊस कॉपरेटिव सुसायटी को फर्श से अर्श तक ले जाने वाले आईसीडब्लयूसीएस के चेयरमैन ओके राज गोपालन के 75 वें जन्मदिवस पर इंडियन कॉफी हाऊस परिवार अमृत महोत्सव का आयोजन कर रहा है। इंडियन कॉफी हाउस वर्पस को आपरेटिव सोसायटी के सचिव एम प्रकाशन ने बताया, सोसायटी के चेयरमैन राज गोपालन करीब 55 वर्षों से आईसीएच परिवार की सेवा में समर्पित हैं। उनके 75 वें जन्मदिवस को हम अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। 23 और 24 दिसम्बर को आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय महोत्सव में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ मेगा बल्ड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। मेगा बल्ड डोनेशन कैम्प में एक दिन एक स्थान पर 11 सौ 1 सदस्य रक्तदान रिकार्ड बनाएंगे। वहीं सोसायटी द्वारा विक्टोरिया अस्पताल को दो डायलिसिस और दो फीजियोथैरेपी मशीन प्रदान की जाएगी। साथ ही मेडिकल कालेज के सामने स्थित वृध्द आश्रम को विभिन्न आवश्यक सामग्री दी जाएगी। ब्लड डोनेशन की तैयारियों को लेकर रेडक्रास सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित ने बताया कि रक्तदान शिविर के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड टीम भी जबलपुर आ रही है इसके लिए दक्ष स्टॉफ को ब्लड डोनेट के लिए तैयार किया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान संरक्षक श्रीमति इंदिरा नायर, चेयरमेन ओके राजगोपालन, रेड क्रॉस सोसयटी के सचिव आशीष दीक्षित, आदि उपस्थित रहे। अमृत महोत्सव में आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प रेडक्रास सोसायटी एवं जिला स्वास्थ्य कार्यालय के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा भेड़ाघाट में 26 दिसंबर को



**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा अगहन पूर्णिमा 26 दिसंबर दिन मंगलवार को प्रात 8:00 बजे संत महात्माओं के नेतृत्व में 397वी निकाली जाएगी। परिक्रमा आश्रम से होते हुए पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार, लम्हेटाघाट नाव से पार कर शनि मंदिर डुडुवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट सिद्धन माता जी आश्रम के सामने से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का प्रसाद स्वरूप वितरण किया जाएगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल सुरेश विश्वकर्मा मनोज गुलाबबनी आदि ने की है।

# डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड 40 में विकास जारी



**जबलपुर।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में चहुमुखी विकास कार्यों का क्रम जारी है, आज यहां के विकास कार्य मुस्लिम बहुल क्षेत्र के अन्य वार्डों सहित पूरे शहर के लिए एक मिसाल बन रहे हैं। एक तरफ जहां नगर निगम में फंड नहीं होने का रोना है और सारे काम रुके हुए हैं, तो वहीं दूसरी तरफ डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी लगातार अपने वार्डों में विकास कार्यों का संगे बुनियाद और लोकार्पण कर रही हैं। आचार संहिता लगने के पूर्व और आचार संहिता समाप्त होने के बाद से डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में अब तक 18 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं, जिसमें सड़कें, पाइप लाइन आदि कार्य शामिल हैं। पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि विधायक लखन घनघोरिया के मार्गदर्शन और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में बीते कुछ महीनों में तकरीबन 18 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। वहीं अगले कुछ महीने में यहां अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। मुकीमा याकूब अंसारी ने इसके लिए नगर ि नगम आयुक्त स्वप्निल वानखेड़े का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।



# केंगरू किड्स में 'क्रिसमस फिस्टा' कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल अपने चिरपरिचित अंदाज में फिर लेकर आया एक धमाकेदार सेलिब्रेशन। कड़कड़ाती ठंड याद दिलाती है बर्फ की और बर्फ यानी क्रिसमस जो लाता है बच्चों के प्यारे सांता क्लॉज को। सभी बच्चों ने खूब मस्ती धमाल किया, इस पार्टी में जहाँ एक ओर बच्चों ने उत्साहित होकर टैटू कॉर्नर पर टैटू बनवाए वहीं दूसरी ओर अपने अभिभावकों के साथ आर्ट एक्टिविटी का लुत्फ उठाया और कैंडी कॉर्नर पर ढेर सारी कैंडीज भी खाई। यही नहीं फोटो कॉर्नर पर सांता के साथ अलग-अलग फोटो भी खिंचवाई और सांता की फिल्म का मजा भी लिया, मूवी वॉच में कुल मिलाकर ये एक यादगार दिन बन गया सभी बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए। इस कार्यक्रम को संस्थापिका श्रीमति अर्पिता मालपानी और प्राचार्या श्रीमति सोनिया कोचर उपस्थित थी।

# राम सनातन संस्कृति के जनक हैं: संपूर्ण ब्राह्मण मंच

## महा आरती परशुराम धाम ग्वारीघाट में



**जबलपुर।** भगवान राम जगत के स्वामी हैं भगवान राम को सनातन संस्कृति का उत्प्रेरक एवं जनक कहना हमारी संस्कृति को संपूर्ण जगत में अंगीकृत किया है राम काण काण में जग के पालनहार हैं सुबह शाम रात्रि राम राम कहने से जीवन का कल्याण होता है संपूर्ण ब्राह्मण मंच अयोध्या राम उत्सव धूमधाम से मनाएगी सभी घरों में भगवान राम के चित्र के समक्ष एवं 21,21 दिनों की दीप माला बनाएगा एवं ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रभात फेरिया का अनुसरण करेगी मंच के स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज ने कहा संपूर्ण संस्कार धनी राम में हो जाए हमारा चरित्र भी राम जैसा होना चाहिए हमारे जीवन में उदारता प्रेम भाव सद्भाव अंगीकृत कर सेवा को ही जीवन बनाना चाहिए राम को संपूर्ण जीवन में उतरने से जीवन पद्धति में अमुक परिवर्तन आ जाते हैं तभी राम समाहित होंगे प्रतिदिन रामायण पढ़ना चाहिए सत्संग प्रकाशमान होने लगेगा आज की महा आरती में पंडित धनंजय बाजपेई पंडित राजकुमार दुबे पंडित राघवेंद्र तिवारी पंडित सुधाकर मिश्र श्रीमती मधुबाला दुबे पुष्पा तिवारी मीरा दुबे डॉक्टर अरुण मिश्रा के के दुबे आदि उपस्थित थे।

# मोहम्मद अरशद उस्मानी ने जीता स्वर्ण पदक

**जबलपुर।** बी.एच.ई.एल. स्पोर्ट्स स्टेडिय भोपाल में आयोजित 9वीं मध्यप्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मोहम्मद अरशद उस्मानी ने 45 वर्ग में लम्बी कूद में स्वर्ण पदक जीता। 400 मीटर सिल्वर मेडल तथा 100 मीटर दौड़ में कांस्य पद जीता। मोहम्मद अरशद उस्मानी के न्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होम गार्ड मंगेली में हवलदार अनुदेशक के पद पर कार्यरत है।आपकी इस उपलब्धि पर कमाण्डेंट श्री आशीष खरे, डिस्ट्रिक कमाण्डेंट श्री विनय कैथवास, डिस्ट्रिक कमाण्डेंट के.के. डबराल ने एवं समस्त स्टाफ ने हार्दिक शुभकामनाऐं दी एवं हर्ष व्यक्त किया।



# कृषि शिक्षा एवं छात्रों का योगदान ही समग्र गतिशील विकास हेतु विकसित भारत में बहुमूल्य होगा- कुलपति

## विकसित भारत उत्सव-2047 कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




**जबलपुर।**

विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय जबलपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में "विकसित भारत उत्सव-2047" कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्यअतिथि की आंसदी से कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है, हम युवा पीढ़ी को सशक्त बनाकर ही विकसित भारत का सपना भूमिका अदा करेगी। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत कार्यकम के तहत जनेकृविवि के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और विकसित भारत-2047 की दिशा में अभी से कृषि के योगदान एवं कृषि शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह से कार्य किया जायें, ऐसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही भारत को कृषि के क्षेत्र में उन्नत एवं प्रगतिशील बनाने के लिये संकल्प लिया गया है। ऐसे सभी विद्यार्थियों के लिये शुभकामनायें देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर. एस. शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय सहित सभी विभागों विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0830/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार खटीक/ स्व. हनुमान प्रसाद, नि. 378/173, नया 194/1 भरतीपुर गुरंदी जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-89/98 प्लाट नं. 48/3, 5/4, 35/1 निर्मित रकवा/रकवा-2940 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम- प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-19/11/2004 मृत्यु दिनांक-11/ 03/2008 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-89/98 प्लाट नं. -48/3, 5/4, 35/1 निर्मित रकवा/ रकवा -2940 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम - प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा- व.फु. / हे. अशोक सोनकर, रामबाबू सोनकर एवं अन्य के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 28/12/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 20/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक -20/11/2023
पेशी दिनांक-28/12/2023
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सलामुद्दीन पिता रियाजुद्दीन, उम्र 37 वर्ष निवासी 1672, मंडी मदार टेकरी, अशफाकउल्ला खां वार्ड, जबलपुर म.प्र. 482002 का शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि :- ( आधार 2520 91525757 ) मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थाई निवासी हूँ । मेरे पासपोर्ट नं. MP1784527 में मेरा पूर्व का नाम SALAMUDDEEN दर्ज है। यह कि मैंने पूर्व नाम बदलकर नया नाम SALAMUDDIN कर लिया है जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में भी दर्ज है। अब मुझे मेरे इसी नये नाम SALAMUDDIN के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं शपथकर्ता REFAIT RIZVI उम्र लगभग 48 वर्ष पिता LATE ZAIGHAM ABBAS RIZVI निवासी म. नं. 2400/11, हनुमान मंदिर के पास, बजरंग नगर, व्ही.एफ.जे. रांझी, जबलपुर, म.प्र. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:-1.यह कि मै शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। 2.यह कि मुझ शपथकर्ता के पासपोर्ट नं. F5228574 में मेरा नाम REFIT RIZVI दर्ज है, जो कि गलत है। 3. यह कि मुझ शपथकर्ता के कक्षा 10 वी एवं कक्षा 12 वी की अंकसूचियों एवं मेरे आधार कार्ड (4252 0969 6171) में मेरा नाम REFAIT RIZVI दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि REFIT RIZVI एवं REFAIT RIZVI ये दोनो ही नाम मुझ शपथकर्ता के ही है, किसी अन्य के नही है। 5.यह कि भविष्य में मुझ शपथकर्ता को REFAIT RIZVI के नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावे। इस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है। 6.यह कि मुझ शपथकर्ता के पासपोर्ट नं. F5228574 में मेरे पिता का नाम JAGAM ABASH RIZVI दर्ज है, जो कि गलत है। मेरे पिता का पूरा व सही नाम ZAIGHAM ABBAS RIZVI है।

# आर्ट ऑफ गिविंग के 2024 के थीम 'लेट्स एओजी' का शुभारंभ

**भुबनेश्वर।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलोजी (कीट) और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (कीस) विश्व के प्रथम आदिवासी आवासीय विद्यालय में लगभग 65 देशों से अधिक देशों के लगभग 40,000 से भी अधिक आदिवासी छात्र-छात्राएं समस्त आवासीय सुविधाओं का निःशुल्क उपभोग करते हुए मुफ्त में केजी कक्षा से लेकर पीजी कक्षा तक पढ़ते है। यह अब भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व का प्रथम आदिवासी आवासीय डीम्ड विश्वविद्यालय बन चुका है। यही नहीं, भारत सरकार की एनआईआरएफ रैंकिंग में यह 16वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग 2024 के अनुसार भारत में छठवाँ स्थान हासिल कर चुका है। इसे यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 और ग्रीन गाउन अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से भी सम्मानित किया जा चुका है।




खेल के प्रति इस शैक्षिक संस्थान की प्रतिबद्धता भी काफी उल्लेखनीय और प्रशंसनीय है। कीट एवं कीस ने 15 ओलंपियनों को शिक्षा, छात्रवृत्ति और व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करके तैयार किया है जो किसी भी विश्वविद्यालय के लिए असंभव उपलब्धि है। इसके छात्रों की उपलब्धियों में चीन में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले 14 छात्रों में से चार पदक जीतना और 2023 में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेल में 24 पदक जीतना भी शामिल है। कीस के खेल के प्रति इस समर्पण भाव को ध्यान में रखकर कीस को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2022, फिकी अवाड्र्स, स्पोर्ट्स स्टार अवाड्र्स और खेल सुविधाओं के लिए सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त कीट एवं कीस सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेक प्रकार के सामाजिक सुधार के कार्यो में प्रयासरत है जिनमें कुल लगभग 10 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम शामिल है और उन्हीं में से सबसे प्रमुख और ऐतिहासिक पहल है- 'आर्ट ऑफ गिविंग' जो वास्तव में कीट एवं कीस के संस्थापक महान शिक्षाविद् तथा कंधमाल लोकसभा सांसद प्रो.अच्युत सामंत के वास्तविक जीवन दर्शन पर आधारित है। यह आर्ट ऑफ गिविंग- शांति, खुशी, सद्भाव और प्रेम को फैलाने, मानवीय संबंधों को मजबूत और सुमधुर बनाने, सभी से प्यार-मोहब्बत करने और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए आरंभ किया गया है क्योंकि प्रो.अच्युत सामंत चाहते हैं कि उनके वास्तविक जीवन दर्शन से सभी लोगों के जीवन में 'कृतज्ञता' और करुणा का सतत संचार हो। 17 मई, 2013 से इस दिन को दुनिया के लगभग 20 से अधिक देशों में इसे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। आर्ट ऑफ गिविंग जीवन-दर्शन की खूबसूरती इसमें समाहित विश्व मैत्री, सद्भाव तथा प्रेम आदि जैसी सार्वभौमिकता है जिसमें जाति-पाति, भाषा,लिंग, धर्म, सम्प्रदाय तथा जन्म स्थान आदि की समस्त बाधाओं के ऊपर उठकर विश्व के सभी वर्ग की इसके मनाने में स्वैच्छिक भागीदारी है। 5 वर्ष के शिशु से लेकर 95 वर्ष के वयोवृद्ध भी इस के माध्यम से गले लगाते हुए नजर आते है।

गौरतलब है कि आर्ट ऑफ गिविंग के प्रत्येक साल के लिए एक विशेष थीम रखा जाता है जिसमें वर्ष 2024 के लिए थीम है- 'लेट्स एओजी'। यह थीम एकता की भावना को बढ़ावा देने के बारे में है, जो दर्शाता है कि एक व्यक्ति भी यह आंदोलन शुरू कर सकता है, लेकिन सामूहिक प्रयास के माध्यम से ही यह बढ़ता है और प्रभावशाली बनता है। यह एक व्यक्तिगत कार्य से उदारता और दयालुता की सामुदायिक लहर तक की यात्रा का प्रतीक है। यह ऐतिहासिक पहल एक सार्वभौमिक आह्वान है जो लोगों को अपने जीवन में देने की कला को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### सीएम साय की मांग पर केंद्र ने दी मंजूरी

## केंद्र सरकार 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल भी लेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार से इस साल 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल भी लेने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अनुरोध पर भारत सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने आज ही केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखा था। पत्र में राज्य हित में उसना चावल लिए जाने का आग्रह किया गया था। भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र भेजकर सहमति की सूचना दी है। केंद्र सरकार से सहमति के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, डबल इंजन की सरकार का यह बड़ा असर है। लंबित मांग एक ही दिन में की गई पूरी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री को राज्य की ओर से धन्यवाद दिया है।

# जिस पत्थर को सालों से देवता मानकर पूज रहे थे लोग, वह निकला डायनासोर का अंडा

*नई दिल्ली। स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी का एक गाना है मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी। इस कहावत की तर्ज पर लोग पत्थर को देवता समझकर पूजते हैं मानों तो देवता ना मानो तो पत्थर। कुछ इसी तरह से मध्य प्रदेश के धार जिले के पाडल्या गांव के लोग एक गोलाकार पत्थर को देवता मानकर वर्षों से पूजते आ रहे थे, लेकिन गांव वाले जिस पत्थर को वर्षों से पूज रहे थे वो किसी जीव का अंडा निकला। अंडा वो भी किसी आम जीव का नहीं बल्कि करोड़ों वर्ष पूर्व डायनासोर का बताया जा रहा है।*

**मध्य प्रदेश के धार जिले के पाडल्या गांव का मामला**



### खुदाई में 17 साल पहले मिला था पत्थर

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि 17 पहले डायनासोर का ये अंडा खेत की जुताई के दौरान मिला था। यह मिलने के बाद गांववासी इस पत्थर को 'भीलट बाबा' मानकर पूजने लगे थे। जब विशेषज्ञों को इस पत्थर के बारे में पता चला और उन्होंने आकर इस पत्थर की जांच की तब जाकर पता चला कि ग्रामीण वर्षों से जिस पत्थर को भीलट बाबा मानकर पूज रहे थे दरअसल वो डायनासोर का अंडा है।

### यह देवता गांव की रक्षा करते हैं

पत्थर को देवता मानकर पूजा करने के बारे में बताते हुए पाडल्या के एक ग्रामीण ने बताया कि इन गोलाकार पत्थर जैसी वस्तु को काकर यानी खेत का भैरव देवता के रूप में पूजा जाता है। ये देवता उनकी रक्षा करते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि कुल देवता उनकी रक्षा करते हैं और हर विपरीत स्थिति में उनको बचाते हैं।

### बकरे और मुर्गे की दी जाती थी बलि

डायनासोर के अंडे को गांव वाले भीलट बाबा मानकर सिर्फ पूजा ही नहीं करते थे। वो अपने देवता को खुश करने के लिए बकरे और मुर्गे की बलि भी चढ़ाते थे। मध्य प्रदेश के धार जिले के पाडल्या गांव के लोग ही नहीं बल्कि आसपास के गांव के लोगों के बीच भीलट बाबा प्रचलित देवता हो गए थे। दूर दराज से लोग पत्थर की पूजा करने आते थे।

**टिटानो-सौरन प्रजाति के डायनासोर का अंडा :** जानकारी मिलने पर कुछ दिनों पहले लखनऊ स्थित बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियो साइंस की टीम ने वहां पहुंच कर पत्थर की रिसर्च की तो पता चला कि ये अंडा करोड़ों साल पुराने टिटानो-सौरन प्रजाति के डायनासोर का हैं। इन पत्थरों का व्यास करीब 18 सेंटीमीटर बताया जा रहा है। पाडल्या गांव ही नहीं बल्कि कई गांव में इस तरह के पत्थर मौजूद हैं और ऐसे पत्थरों की पूजा की जाती है। वैज्ञानिक उन पर भी रिसर्च कर रहे हैं।

### पहले भी मिल चुके हैं डायनासोर के अंडे

बता दें कि धार जिले की कुक्षी तहसील का यह क्षेत्र डायनासोर के अंडों के लिए ही जाना जाता है। इससे पहले भी इस इलाके में डायनासोर के 256 अंडे मिल चुके हैं। इन सभी पत्थरों के आकार 15 से 16 सेंटीमीटर के आसपास हैं। ऐसा माना जाता है कि 6 सौ करोड़ साल पहले डायनासोरों का क्षेत्र हुआ करता था।



### जबलपुर में मिला था पूरा कंकाल

गौरतलब है कि दशकों पहले मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित भेड़ाघाट में डायनासोर का पूरा साबुत कंकाल भी मिला था। अभी फिलहाल ये कंकाल मुंबई स्थित नेशनल म्यूजियम में रखा है। भेड़ाघाट में 2011 में इस इलाके में एक डायनासोर पार्क बनाया गया था। इस पार्क आसपास के गांव में मिले जीवाश्म को रखा जाता है।

### 15 साल में पैदा हुआ था 130 करोड़ का जूलियट रोज

**नई दिल्ली।** जूलियट रोज को सबसे पहले डेविड ऑस्टिन ने उगाया था। इसके लिए उन्होंने 15 साल तक इंतजार किया था। उन्होंने इस फूल को कई दुर्लभ फूलों की ब्रीडिंग से तैयार किया गया था, इसलिए इसकी कीमत भी अधिक है। जब यह फूल उगा था तब इसकी कीमत 130 करोड़ रुपये थी। फिलहाल गुलाब की यह प्रजाति काफी महंगी है और इसकी कीमत 90 करोड़ रुपये तक है। इसके अलावा इसकी खुशबू भी लोगों को खूब आकर्षित करती है। **शेन्जीन नोंगके आर्किड :** फूलों की इस सूची में शेन्जीन नोंगके आर्किड नामक फूल भी शामिल है। ऐसा माना जाता है कि इस फूल को इंसानों ने मिलकर बनाया था।

**आय से अधिक संपत्ति मामला, मंत्री के साथ विधायकी भी गई**

## मंत्री और उनकी पत्नी को तीन साल कैद, 50 लाख रुपए का जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आय से अधिक संपत्ति के मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को डीएमके नेता और तमिलनाडु सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की कैद और 50 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा के बाद पोनमुडी विधायक के रूप में अयोग्य हो गए और मंत्री पद गवां दिया है। छह महीने पहले ही इस मामले में वेल्लोर की एक कोर्ट ने मंत्री और उनकी पत्नी को बरी कर दिया था। स्थानीय कोर्ट का कहना था कि इस मामले में पर्याप्त सबूत नहीं हैं, बाद में हाई कोर्ट ने मामले को स्वतः संज्ञान लिया था। वहीं, हाई कोर्ट में सुनवाई के




दौरान मंत्री पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विशालाक्षी ने कोर्ट में अपना मेडिकल रिकॉर्ड पेश किया और तर्क दिया कि मामला बहुत पुराना है और अब वो 73 साल के हो गए हैं। उनकी पत्नी 60 साल की हैं। कपल ने न्यूनतम सजा का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया और मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

### कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को 2 साल की सजा

पंजाब में आप के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा समेत 9 लोगों को 2 साल की सजा सुनाई गई है। मामला साल 2008 है, जिसमें अब 15 साल बाद सजा हुई है। जानकारी के अनुसार अमन अरोड़ा का अपने जीजा राजेंद्र दीपा के साथ पारिवारिक झगड़ा था। इसी को लेकर साल 2008 में शिकायत दर्ज हुई थी। अकाली दल के नेता राजेंद्र दीपा ने कहा भले ही फैसला देरी से आया लेकिन सही आया वह इसका स्वागत करते हैं।

## एसुस ने रीवा में स्टोर खोला

**रीवा।** एसुस इंडिया ने देश भर में ब्रैंड के रिटेल फुटप्रिंट को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, आज रीवा, मध्य प्रदेश में अपने नए एक्सक्लूसिव स्टोर को शुरू करने की घोषणा की है। 288 वर्ग फुट में फैला हुआ यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला सहित एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिनमें वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल इन वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज शामिल हैं। यह शहर में स्थित ब्रैंड का पहला एईएस स्टोर है, जिसके साथ यह ब्रैंड मध्य प्रदेश में कुल 10 एईएस स्टोर्स की उपलब्धि हासिल कर चुका है।



### 20 बरस बाद भाजपा ने सामान्य वर्ग को राज्य में सौंपी पार्टी की कमान

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग से प्रदेशाध्यक्ष बनने वाले वे दूसरे हैं। इसके पहले विक्रम उसेंडी प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। श्री देव सामान्य वर्ग से डा. रमन सिंह के बाद दूसरे प्रदेशाध्यक्ष हैं। नए प्रदेशाध्यक्ष के बाद जल्द ही प्रदेश संगठन में भी बड़ा बदलाव होगा।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

### मिथिला से जाएगा सोने से बना धनुष-बाण

# श्रीराम के ससुराल से पहुंचेगा पान और मखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

**खास खबर**

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान श्रीराम की ससुराल कहे जाने वाले बिहार के मिथिला से पाग, पान और मखाना तथा सोने से बना धनुष-बाण पहुंचाया जाएगा। इन उपहारों की व्यवस्था पटना का प्रसिद्ध महावीर मंदिर करेगा। महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी किशोर कुणाल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान राम अर्से बाद अपने 'घर' वापस आ रहे हैं। इस शुभ अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये वह खुद महावीर मंदिर



### बुजुर्गों को नहीं चलना पड़ेगा पैदल

राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को भव्य परिसर में ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी। मंदिर निर्माण ट्रस्ट उनके लिए ई-वाहनों का संचालन कराएगा। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट राम जन्मभूमि पर आने वाले बुजुर्ग आगंतुकों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा। वरिष्ठ नागरिकों को भव्य परिसर में ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ बीमार लोगों के लिए भी ई-वाहनों का संचालन किया जाएगा।

### होटल की प्री बुकिंग होगी कैंसल

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पहले से होटल और धर्मशालाओं में हुई बुकिंग कैंसिल होगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को समीक्षा बैठक के बाद निर्देश दिए हैं। 22 जनवरी को लोगों ने अयोध्या में पहले से बड़ी संख्या में होटल की बुकिंग करवाई है। वीवीआईपी सुरक्षा को देखते हुए ये बुकिंग कैंसिल होगी। 22 जनवरी को अयोध्या में सिर्फ वही लोग रुक पाएंगे जिनके पास ड्यूटी का पास या श्रीराम तीर्थ ट्रस्ट का निमंत्रण पत्र होगा।

### 70 हजार रुपए पहुंचा एक दिन का किराया

प्रभु श्रीराम को आसान पर विराजित होता देखने के लिए पूरे देश भर से लोग अयोध्या पहुंचेंगे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 22 जनवरी को 3 से 4 लाख श्रद्धालु अयोध्या राम मंदिर पहुंचेंगे। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं ने अपने रहने के लिए महीनों पहले ही होटल में कमरा बुक करा लिया है और बुकिंग अभी भी चालू ही है, पर सबसे ज़्यादा ध्यान देने वाली बात यह है कि 21, 22 और 23 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में होटल के एक कमरे की कीमत 70000 बताई जा रही है। जब सारे ठिकाने पहले ही बुक हो गए हैं ऐसे में इतने ज़्यादा पैसे देकर भी भक्त रुकने को तैयार हैं।


## आवश्यकता

आवश्यकता है - !!! नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/WHATSAPP करें) NOC - 2150/- +91 85830 47417 (भोपाल /27 /दिस. 23)

आवश्यकता है - Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घरबैठे Sms Job कर-के लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें 6296026501 (रायपुर /23 /दिस. 23)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5372



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुन:,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -5371 का हल



## सूडोकु नवताल - 5382

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5381 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |



# सालार ने तोड़े ऑलटाइम रिकॉर्ड, कमाए 116 करोड़!

**मुंबई।** 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक ओपनिंग डे पर सालार, 100 करोड़ से अधिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर सकती है। सालार ने रिलीज के साथ ही ओपनिंग डे में इतिहास रच दिया है। ऑरमैक्स मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' पहले ही दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। अनुमानित कलेक्शन के मुताबिक 'सालार' पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 116.8 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर सकती है। जिस में से करीब 71.2 करोड़ ग्रॉस तेलुगू से और बाकी 45.6 करोड़ रुपए अन्य भाषाओं से होगा।



## लाइफ Style

# दीपिका

## 'इश्क जैसा कुछ' में ऋतिक संग लगाई आग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर 'फाइटर' का पहला गाना 'शेर खुल गए' 15 दिसंबर को रिलीज हुआ था, और अब मेकर्स ने नया गाना 'इश्क जैसा कुछ' रिलीज किया है। दीपिका की लुक की वजह से यह गाना रिलीज होते ही सुर्खियां बटोर रहा है। ऋतिक और दीपिका की सिजलिंग केमिस्ट्री, उनके डांस मूव्स और साथ ही दीपिका का ब्लैक बिकीनी अवतार फैंस के दिलों में आग लगा रहे हैं।

गाने का म्यूजिक भी कमाल का है, जिसकी फैंस तारीफ कर रहे हैं। हालांकि इस गाने का फील कुछ कुछ 'पठान' के 'बेशरम रंग' जैसा फील देता है। इश्क जैसा कुछ... यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिलीज के दो घंटे के अंदर ही इस गाने को साढ़े छह लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। जहां 'शेर खुल गए' एक पार्टी एंथम था, वहीं 'इश्क जैसा कुछ' एक डांस नंबर है, जिसे सुनते ही कदम अनायास ही थिरकने लगेंगे। फैंस का कहना है कि ऋतिक रोशन ने अपने डांस और दीपिका पादुकोने के साथ सिजलिंग केमिस्ट्री से इस गाने में जान डाल दी है। गाने के हुक स्टेप की भी खूब तारीफ हो रही है। फैंस का कहना है कि इस गाने को जितनी बार सुन रहे हैं, उतना ही यह सिर चढ़ रहा है। यह काफी एडिक्टिव सॉन्ग है। 'इश्क जैसा कुछ' गाना अपने शानदार रोमांटिक ट्रैक, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त जोड़ी के बीच की दमदार केमिस्ट्री, खूबसूरत नजारे और गहराई से जुड़ने वाले म्यूजिक के साथ दर्शकों के दिलों को दीवाना करता है। विशाल-शेखर, शिल्पा राव और मेलो डी ने इस गाने को अपनी आवाज दी है। वहीं कुमार, मेलो डी और विशाल ददलानी ने लिरिक्स लिखे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# यौन उत्पीड़न के आरोप

**लॉस एंजिलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के एक्टर विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। गुरुवार को लॉस एंजिल्स में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। उनका दावा है कि 2010 में डीजल ने उन्हें होटल के एक कमरे में दीवार के सटा दिया था और उनके सामने मास्टरबेट किया था।



# ब्रिटनी ने दिखाई घर के अंदर जले हुए जिम की तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** फेमस अमेरिकी सिंगर रहीं ब्रिटनी स्पीयर्स ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने घर के अंदर की झलक दिखाई है जिसमें कमरे के अंदर सबकुछ जला हुआ दिख रहा है। ब्रिटनी के घर का ये नजारा उनके घर के अंदर जिम का है, जो पूरी तरह से जला हुआ नजर आ रहा है। हैरानी वाली बात ये है कि ब्रिटनी ने कहा है कि इसे किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने खुद जलाया है। हालांकि, यहां बता दें कि ये तस्वीर आज की नहीं बल्कि तीन साल पुरानी साल 2020 में लगी आग की है। इस घटना में उनका होम जिम पूरी तरह से जल गया। 42 साल की ब्रिटनी ने 19 दिसंबर, 2023 को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लॉस एंजिलिस वाली हवेली में जले हुए जिम और कमरे में मौजूद जिम उपकरणों की झलक दिखाई है।



# अनन्या की बात से रोने लगती थी...


**मुंबई।** स्टारकिड अनन्या पांडे और सुहाना खान बचपन से एक अच्छी दोस्त हैं। दोनों एक साथ बड़ी हुई हैं। बहनों की तरह एक-दूसरे के करीब हैं। सुहाना खान की पहली फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में अनन्या उनके साथ ही बैठी थीं, लेकिन अब हमें इन दोनों की एक और खास बात पता चली है। जिसे पढ़ने के बाद दोनों के फैंस ही मंद मंद मुस्कुराने लगेंगे। जी हां, इस बात का खुलासा खुद अनन्या पांडे ने ही किया है। आइए बताते हैं ये मजेदार किस्सा। दरअसल, अनन्या कुछ ऐसा करती थीं, जिससे सुहाना रोने लगती थीं। इसका खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया है। दरअसल, अनन्या अपनी अपकमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' के प्रमोशन में लगी हुई हैं। यह फिल्म भी दोस्ती के ईद-गिर्द घूमती है।



# 'डंकी' का ओपनिंग डे पर बुरा हाल...

**मुंबई।** आखिरकार वो घड़ी आ ही गई, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। बॉक्स ऑफिस पर इस साल के सबसे बड़े क्लैश की। जी हां, हम बात कर रहे हैं शाहरुख खान की 'डंकी' और प्रभास की फिल्म 'सालार' की। 21 दिसंबर को राजकुमार हिरानी की फिल्म रिलीज हुई तो शुक्रवार को केजीएफ और केजीएफ 2 वाले प्रशांत नील की मूवी ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। आंकड़ों के मुताबिक, शाहरुख खान की डंकी ने पहले दिन महज 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली है। ये शाहरुख की इस साल की सबसे कम ओपनिंग है। ऐसा लग रहा था कि एसआरके की 'डंकी' पहले दिन रिकॉर्ड बनाएगी, लेकिन एडवांस बुकिंग के आंकड़े बता रहे थे कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि 'डंकी' की एडवांस बुकिंग सिर्फ 15 करोड़ रुपए के आसपास रही।

## टीवी मसाला



# पूजा बनर्जी ने तोड़ी संस्कारी छवि

**मुंबई।** पूजा बनर्जी का नाम टीवी जगत की फेमस एक्ट्रेस की लिस्ट में जरूर शामिल रहेगा। अपनी कमाल की अदाकारी के अलावा बेबाक खूबसूरती के लिए पूजा काफी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं पूजा बनर्जी का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जिसमें टीवी एक्ट्रेस अपनी संस्कारी छवि तोड़ती हुईं नजर आ रही हैं। आलम ये है कि पूजा (Puja Banerjee) का ये वीडियो अब इंटरनेट पर सनसनी मचा रहा है। छोटे पर्दे के फेमस शो 'देवों के देव महादेव' में पूजा बनर्जी ने अहम भूमिका अदा की। इस धार्मिक टीवी सीरियल में पूजा ने पार्वती का किरदार अदा किया था, इस रोल के लिए आज भी अभिनेत्री को जाना जाता है। इस बीच पूजा का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह संस्कारी छवि तोड़ बोल्ड होती हुई दिखाई दे रही हैं।इस वीडियो को शुक्रवार को पूजा बनर्जी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। पूजा का ये वीडियो उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान का है, जिसमें वह हॉट अवतार में नजर आ रही हैं। अदाकारा के ये वीडियो हॉटनेस से काफी भरा हुआ है। इस वीडियो को देख ये साफ कहा जा सकता है कि टीवी एक्ट्रेस ने बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं।



## अंकिता की मां ने शेयर किया दामाद विकी का वीडियो

**मुंबई।** अंकिता लोखंडे और विकी जैन के रिश्ते को बिग बॉस शो में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोनों के बीच लड़ाई होती है। इतना ही नहीं हाल ही में अंकिता ने तलाक तक की बात कर दी। अंकिता के इस स्टेटमेंट को सुनकर फैंस हैरान हैं। फैंस को चिंता हो रही है कि कहीं इनका रिश्ता इस शो में टूट ना जाए। अब अंकिता के तलाक के स्टेटमेंट के बीच एक्ट्रेस की मां ने अपने दामाद को लेकर पोस्ट शेयर किया है। अंकिता की मां ने विकी का वीडियो शेयर किया है जिसे विकी के अकाउंट में ही शेयर किया गया है। वीडियो में विकी के मस्ती भरे अंदाज दिख रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर विकी के अकाउंट मे कैप्शन लिखा है, 'यह विकी भैया की पाठशाला है और हम उनसे नोट्स ले रहे हैं कि कूल कैसे बनें।

# मल्टीस्टारर फिल्मों में नहीं काम करना चाहते नए हीरो



**मुंबई।** 'गोलमाल' सीरीज की फिल्मों, 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' जैसी धमाकेदार फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी मानते हैं कि हिंदी सिनेमा अब भी देश के बड़े तबके तक पहुंच नहीं पा रहा है। रोहित का ये भी कहना है कि हिंदी फिल्म जगत के शीर्षस्थ लोगों में एकता नही है और नई पीढ़ी के कलाकार मल्टीस्टारर फिल्मों में काम करने से झिझकते है। एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी याद दिलाते हैं कि पहले दो तीन हीरो के साथ कितनी फिल्में बनती थी। लेकिन, अब के मैनेजर भी ये बात नही समझते और अभिनेताओं को असुरक्षित महसूस करवाते हैं। सलमान खान, शाहरुख खान और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों ने भी मल्टी स्टारर फिल्मों में काम किया है। 'दृश्यम' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रोहित शेट्टी कहते हैं, 'हम सांस्कृतिक तौर पर जुड़े हुए नहीं हैं। अगर हम जुड़ पाएं तो हिंदी सिनेमा एक सशक्त इंडस्ट्री होगी। हम बहुत मजबूत इंडस्ट्री हैं लेकिन हम अपनी कुशलता और शक्ति को पहचानने में असफल हैं। अगर हम साथ आएं तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। दर्शक हमसे प्रेम करते हैं और हम समाज में कई बदलाव ला सकते हैं। हम इस बारे में सोच ही नहीं रहे कि थियेटरों की संख्या को कैसे बढ़ाया जाए। सरकार के साथ मिलकर कैसे बदलाव लाया जाए?



## असल जिंदगी में 'विलेन' निकले जोनाथन

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों में थानोस के बाद कांग को सबसे बड़ा सुपरविलेन बनाने की तैयारी थी। लेकिन एक्स गर्लफ्रेंड से मारपीट और उत्पीड़न के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन मेजर्स को बाहर निकाल दिया है। वह अब एमसीयू की किसी भी फिल्म या सीरीज में नजर नहीं आएंगे। जोनाथन मेजर्स को एक्स गर्लफ्रेंड के साथ थर्ड डिग्री मारपीट, दुष्कर्म और उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन को ऐसे वक्त में बाहर का रास्ता दिखाया है, जब वह आगे की कहानी में थानोस से भी बड़े विलन के किरदार में नजर आने वाले थे। जोनाथन के साथ एमसीयू 'एवेंजर्सः द कांग डायनेस्टी' फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा था, जो मई 2026 में रिलीज होने वाली थी। जोनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# मैंने प्यार किया के दौरान प्रेगनेंट थीं भाग्यश्री




**मुंबई।** अभिनेत्री भाग्यश्री ने सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके सलमान खान नजर आए थे। यह फिल्म जबर्दस्त हिट साबित हुई थी। इस फिल्म से सलमान और भाग्यश्री दोनों को खूब पहचान मिली थी। भाग्यश्री ने इस फिल्म की शूटिंग के बाद शादी कर ली थी। वह हिमालय दासानी के साथ रिश्ते में थीं और इस फिल्म से स्टार बनने के बाद उन्होंने शादी रचा ली थी। भाग्यश्री ने हाल ही में एक बातचीत में मैंने प्यार किया के दिनों को याद किया। बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के पोस्टर की शूटिंग के दिनों को याद कर एक किस्सा साझा किया। भाग्यश्री ने बताया कि उस समय वह प्रेगनेंट थीं, लेकिन इस बारे में किसी को नहीं पता था। तो जब वह पोस्टर की शूटिंग के लिए गईं तो सलमान ने उन्हें कहा कि वह मोटी हो गई हैं। अभिनेत्री ने बताया, 'जब मैंने मशहूर फोटोग्राफर गौतम राजदक्ष्य के साथ मैंने प्यार किया के पोस्टर के लिए फोटोशूट किया था, तू मैं पांच महीने की गर्भवती थी।

## नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की

# पठान में दीपिका की बिकिनी से आदिपुरुष तक, इन फिल्मों पर हुए बड़े विवाद

साल 2023 बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए काफी शानदार रहा। पिछले कुछ समय से बॉलीवुड फिल्मों का जादू खत्म हो रहा था, इस साल सब निखरकर आया। कई फिल्में हिट रहीं तो कुछ फ्लॉप भी हुईं। वहीं ऐसी भी फिल्में थीं जिनको लेकर काफी विवाद हुआ। कुछ को बैन करने की भी मांग उठी। हालांकि इनमें ऐसी भी फिल्में हैं जिन्हें नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की।




### आदिपुरुष

प्रभास स्टारर आदिपुरुष को लेकर फैंस को काफी उम्मीद थी। फिल्म में प्रभास ने राम का किरदार निभाया था और कृति सेनन ने सीता का। हालांकि फिल्म के कुछ सीन, वीएफएक्स और डायलॉग्स से फैंस काफी निराश हुए। कई संगठन ने तो फिल्म को बैन करने तक की मांग की।

### एनिमल

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ। फिल्म में ओवर हिंसा, मैरिटल रेप सीन को लेकर कई लोगों ने विरोध किया। सोशल मीडिया पर भी कुछ ने फिल्म को काफी नेगेटिव बताया। हालांकि रणबीर की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी छा गई।








### पठान

शाहरुख खान की फिल्म पठान इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक है। फिल्म को काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, लेकिन इसके गाने वेशर्म रंग को लेकर काफी बवाल हुआ था। गाने में दीपिका ने भगवा कलर की बिकिनी पहनी थी जिसको लेकर काफी विवाद हुआ।

### द केरल स्टोरी

फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन दिखाया गया और कथित तौर पर दावा किया था कि केरल में लगभग 32,000 महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तन किया। फिल्म के अन्य कुछ सीन और डायलॉग भी काफी विवाद हुआ। यहां तक की फिल्म को बैन करने तक की मांग हुई थी।







### ओएमजी 2

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर ओएमजी 2 सेक्स एजुकेशन पर आधारित थी। ट्रेलर में कुछ सीन को लेकर लोगों ने आपत्ती जताई थी जिसके बाद सीबीएफसी ने भी फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया था। अक्षय और पंकज सीबीएफसी के इस फैसले से काफी हैरान थे।

## क्रिकेट : महिला टीम ने सात विकेट पर बनाए 376 रन, 157 की बढ़त

# स्मृति, जेमिमा, रिचा, दीप्ति की फिफ्टी भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 33) के बीच 102 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 157 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 376 रन बनाए थे। भारत की चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए जिनमें दीप्ति के अलावा स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73) और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही रिचा घोष (52) शामिल हैं। दीप्ति और वस्त्राकर ने तब जिम्मेदारी संभाली जब भारत ने 14 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंदबाजों का उपयोग किया लेकिन केवल ऑफ स्पिनर एशले गार्डनर (100 रन देकर चार विकेट) ही अपना प्रभाव छोड़ पाई। महिला एशेज टेस्ट में आठ विकेट लेने वाली गार्डनर ने भारतीय बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया तथा अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके महत्वपूर्ण विकेट लिए।





### रिकार्ड से पांच रन दूर

*भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 174 रन था लेकिन दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी से वह मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहा। दीप्ति और वस्त्राकर भारत की तरफ से आठवें विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड बनाने से केवल पांच रन दूर हैं। दीप्ति ने अभी तक 147 गेंद का सामना करके नौ चौके लगाए हैं जबकि पहले दिन 53 रन देकर चार विकेट लेने वाली वस्त्राकर ने 115 गेंद का सामना करके चार चौके जड़े हैं।*

### रिचा डेब्यू में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज

*भारत की पारी का आकर्षण हालांकि युवा रिचा घोष और जेमिमा के बीच चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी रही। यह भारत की तरफ से चौथे विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बल्लेबाजी कर रही घोष ने आक्रमण और संयम का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में 104 गेंद का सामना करके सात चौके लगाए। घोष अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज बनी। जेमिमा और शुभा सतीश ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी।*

### जेमिमा का लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक

जेमिमा ने स्वीप शॉट लगाने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने अपने अधिकतर रन लेग साइड में बटोरे। जेमिमा की 121 गेंद की पारी में नौ चौके शामिल हैं। लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने वाली जेमिमा अपने पहले टेस्ट शतक की तरफ बढ़ रही थी लेकिन तभी उन्होंने गार्डनर की गेंद पर एनाबेल सदरलैंड को एक्स्ट्रा कवर कर आसान कैच दे दिया।

### मंधाना ने लगाए 12 चौके

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपना खाता भी नहीं खोल पाई और केवल दो गेंद खेल कर पवेलियन लौट गई। गार्डनर ने उन्हें पगबाधा आउट किया। गार्डनर ने इसके तुरंत बाद यास्तिका भाटिया (01) को भी आउट किया। इससे पहले भारत ने सुबह एक विकेट पर 98 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। मंधाना और स्नेह राणा (09) ने अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। गार्डनर ने राणा को बोल्ड करके यह साझेदारी तोड़ी। मंधाना रन आउट होकर पवेलियन लौटी। भारतीय उप कप्तान ने 106 गेंद का सामना किया तथा 12 चौके लगाए।

# सिफ्ट और रिदम ने निशानेबाजी ट्रायल्स में दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सिफ्ट कौर सामरा और रिदम सांगवान यहां चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स मैच में शुक्रवार को यहां क्रमशः महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन और महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीत हासिल करने में सफल रहीं।

सिफ्ट और रिदम इस तरह दोनों ट्रायल मैच जीतने वाली तीसरी और चौथी निशानेबाज बन गईं। नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल टी2 ट्रायल में जीत हासिल की। सिफ्ट शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने आठ महिलाओं के फाइनल में 464.8 अंक से ओलंपियन और सीनियर अंजुम मौदगिल को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। मौदगिल 461.7 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं। सेना की प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी2 ट्रायल में रिदम ने 35 अंक से मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मनु 32 अंक से दूसरे और पूर्व विश्व कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता हीना सिद्धू 27 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में किरण जाधव ने 633.4 अंक से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जिसमें उन्होंने 252.8 अंक से पहला स्थान प्राप्त किया।

### तीसरे टेस्ट से बाहर रह सकते हैं शाहीन

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में तीसरे और आखिरी टेस्ट से बाहर रखा जा सकता है। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 360 रन से पराजय झेलनी पड़ी जिसमें पदार्पण कर रहे खुर्रम ने पांच विकेट लिए लेकिन वह घायल हो गए। वह मेलबर्न और सिडनी में बाकी दो टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774330/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 541/यांत्रिकी/पविनि/23 दिनांक : 22.12.2023

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। 274_2023_STDC_321460_1/**व्यू पाइंट न्यू भेड़ाघाट, जबलपुर में केंटीलीवर ग्लास फ्लोर का निर्माण कार्य। (10 माह)। कार्य की लागत राशि रुपये 252.62 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.01.2024 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/112942/2023 **कार्यपालन यंत्री**

## पद्मश्री अवार्ड लौटाना पुनिया का निजी फैसला : खेल मंत्रालय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह के चुनाव के विरोध में बजरंग पूनिया का पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का फैसला व्यक्तिगत है लेकिन फिर भी उन्हें इस कदम पर दोबारा विचार करने के लिए समझाने का प्रयास किया जाएगा।

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान पूनिया ने बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद के लिए चुने जाने के एक दिन बाद पद्मश्री सम्मान लौटाने का फैसला किया। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, 'पद्मश्री लौटाना बजरंग पूनिया का व्यक्तिगत फैसला है। डब्ल्यूएफआई के चुनाव निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से हुए थे। फिर भी हम बजरंग को पद्मश्री लौटाने के अपने फैसले को पलटने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे।'

पूनिया ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर एक विरोध पत्र सौंपने की कोशिश की लेकिन दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें कर्तव्य पथ पर ही रोक दिया क्योंकि उनके पास कोई पूर्व अनुमति नहीं थी। इसी पत्र में उन्होंने पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का जिक्र किया था।

### सोनिया, कलैवानी की राष्ट्रीय मुक्केबाजी में जीत से शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की सोनिया लाठेर और तमिलनाडु की एस कलैवानी ने महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को यहां जीत से शुरुआत की। सोनिया ने 57 किग्रा के पहले दौर के मैच में मध्य प्रदेश की माही लामा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की और 5-0 से आसान जीत हासिल की। पिछले बार की रजत पदक विजेता कलैवानी ने 48 किग्रा भार वर्ग में केरल की मिलानो एमजे को आसानी से हराया।

## पिछले 4 महीने चुनौतीपूर्ण थे शुक्र है कि शतक बना सका



*पार्ल। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि पिछले तीन चार महीने उनके लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन उन्होंने खुद पर काफी मेहनत की और पहला वनडे शतक बनाकर वापसी कर सके। भारत में इस साल हुए वनडे विश्व कप के लिए सैमसन टीम में जगह नहीं बना सके थे क्योंकि चयनकर्ताओं ने ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को तरजीह दी। संजू ने तीसरे वनडे में 78 रन से मिली जीत के बाद कहा, 'पिछले तीन चार महीने मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे। उन सबसे गुजरकर यहां आकर शतक जमाना काफी बड़ी बात है। मैं बहुत खुश हूं।खेल मेरे खून में है। मेरे पिता भी खिलाड़ी रहे हैं लिहाजा हर झटके के बाद वापसी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। खुद पर मेहनत करते रहो और मजबूती से वापसी का प्रयास करो।'*

## आईसीसी से मिली फटकार को चुनौती देंगे ख्वाजा

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में बांह पर काली पट्टी बांधने के कारण आईसीसी से फटकार झेलने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार को कहा कि वह इसे चुनौती देंगे क्योंकि उन्होंने आईसीसी को बताया था कि ऐसा उन्होंने निजी शोक के कारण किया है। ख्वाजा ने पर्थ में पिछले सप्ताह पाकिस्तान पर 360 रन से मिली जीत के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी। वह 13 दिसंबर को अभ्यास सत्र के लिए उतरे तो उनके बल्लेबाजी के जूतों पर 'आल लाइव्स आर इकवल' और 'फ्रीडम इज ह्यूमन राइट' लिखा हुआ था।

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा, विद्युत शाखा
ई–निविदा दिनांक: 20.12.2023
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है। निविदा सूचना क्रमांक: एनकेजे–डी– डिस्मेन्टलिंग–टीएम–टी–23 दिनांक: 20/12/2023, कार्य का नाम लोकेशन सहित: डीजल शेड, नई कटनी जंक्शन एवं टीआरएस नई कटनी जंक्शन के विद्युत लोकोमोटिव (डब्ल्यूएजी5 एवं डब्ल्यूडीएजी7) के ट्रेक्शन मोटर पार्ट्स के डिस्मेन्टलिंग, क्लीनिंग, बेकिंग एवं बेक्टोलिंग का कार्य। निविदा का अनुमानित मूल्य(रूपये में): 16,05,191/–, बिड सिक्योरिटी राशि(रूपये में): 32,100/–, समापन अवधि(माह): 24 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12.00 बजे तक): 12.01.2024 | उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी बेवसाइड "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
वरि.मं.वि.इंजी.(टीआरएस)
पमरे, नई कटनी जंक्शन
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
निविदा सूचना (2nd Call)
निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2023-24/28/पी.आर.ओ./568 दिनांक 22/12/2023 | Lighting Arrangement Work from Kachhpura Railway crossing to beneath Kachhpura bridge (Malgodam) Jabalpur | 3 माह एवं 618236.00 | 2000.00 एवं 4637.00 | 12/01/2024 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री(विद्युतीय)
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिका निगम जबलपुर (म.प्र.)**
/ /तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-564 22/12/2023 | संभाग क्र-11 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड कजरवारा खेरमाई मंदिर प्रागण के पास पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह 3.41/- | रू 2000/- रू 3410/- | 02.01.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा
कार्यपालन यंत्री,
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD**
BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 299771, 2667808, Extn.2702473, 2702541,
e-mail: cepurez@yahoo.in CIN: U40109MP2002SGC015120.
1912
**ONLINE TENDER**
Online tender is invited for supply/ supply, installation & commissioning of following item from manufacturers/ manufacturers or their authorized distributors/ dealers only as per tender specification by the date indicated below:-

| S. No | T.S.No. DISCOM/ EZ/PUR | NAME OF ITEMS | APPROX. VALUE (Rs In Lakhs) | TENDER FEE (in Rs) | DUE DATE OF OPENING ONLINE OF TENDER FROM 15.00 HRS.* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. NIT No. CGM/S&P/EZ/GM-I/I/2451 dtd: 14.12.2023 | | | | | |
| 1. | 1418 (TENDER ID: 2023_PKVVC_ 319251_1) | SUPPLY OF CRAFT PAPER AND RUBBERIZED CORK SHEET FOR REPAIRING OF DTR AT MTRU, JABALPUR | 13.53 | 1180.00 | 29.12.2023 |
| 2. NIT No. CGM/S&P/EZ/GM-1/1/2450 dtd: 14.12.2023 | | | | | |
| 2 | 1419 (TENDER ID: 2023_PKVVC_ 319252_1) | SUPPLY, INSTALLATION AND COMMISSIONING OF HV & LV WINDING MACHINES, OVEN AND MOTOR GENERATOR SET AT MTRU, JABALPUR | 15.00 | 1180.00 | 29.12.2023 |

*For updated/extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW C.G.M. (S&P)

**कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**
Phone : 07644-234534 Email : cmodindori@mpurban.gov.in
एन.आई.टी. क्र. /6456 / न.प. / 2023-24 डिण्डौरी, दिनांक 21/12/23
/ /ई-निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत समस्त ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://ww.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| टेण्डर क्रं एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_ 320830 दिनांक 21.12.23 | वार्ड क्र. 11 कम्पनी चौंक के पास स्थित तालाब सौंदर्यीकरण कार्य एवं वार्ड क्र.12 में प्रताप बनवासी के घर से श्री रामचन्द्र केशवनी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 06 माह 8444234/- | 10,000.00 84442/- | 22/01/2024 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन I https://ww.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
श्रीमति सुनीता अशोक सारस, अध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
श्रीमति सारिका मंटू नायक, उपाध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
श्री भागीरथ उरैती, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद डिण्डौरी
श्री सत्येंद्र सिंह शालवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिण्डौरी

**VEHICLES AUCTION NOTICE**

| DEAL NO. | ASSET CLASS | ASSET MAKE/ MODEL | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASISS NO | PARKED ATYARD LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|
| JJM00652T | TRACTOR | ESCORT PT-435 PLUS | MP51AA8395 | E3487609 | T053433647LH | MANDLA |

For any queries or inspection of the vehicles, please cantact
INDUSIND BANK LTD. (CFD) 1525, Near Gulati Petrol Pump.
Prem Nagar, Madan Mahal, Nagpur Road, Jabalpur 482002, Mob. 9907959913

**कार्यालय नगरपालिक परिषद, गाडरवारा जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail- cmogadarwara@mpurban.gov.in
पत्र क्रं 1154/ई-टेण्डर/2023-24 गाडरवारा दिनांक-22/12/2023
/ /निविदा सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01. | 2023_UAD_ 321512_1 23.12.2023 | कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत तालाब से बाबा टोला की और सीसी रोड निर्माण एवं बुधौलिया जी के घर से रेलवे स्टेशन की ओर बी.टी. रोड निर्माण कार्य | 04 माह 16201098.00 | 12500.00 81010.00 | 25.01.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से सामाचार पत्र में प्राकशन नहीं किया जायेगा।
श्री पं. शिवाकांत मिश्रा, अधयक्ष, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा
श्री सुरेन्द्र गूजर, सभापति, लोक निर्माण शाखा, गाडरवारा
श्रीमति जयश्री चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा– आर.ए.सी.पी.सी., एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632
**आधिपत्य (कब्जा) की सूचना (अचल संपत्ति के लिये)**
अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी/जमानतदार को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का आधिपत्य कर लिया है। ऋणग्रहिता/जमानदार को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्न वर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज तथा अन्य प्रभार आदि के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

| क्र | ऋणी /जमानतदार का नाम व पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र की तिथि व राशि | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी- ( 1 ) श्री जितेन्द्र नायक पिता श्री मुन्नीलाल नायक पता- फ्लेट ई.डब्लू.एस.-02, चतुर्थ तल''ग्रीन एवेन्यु'', कजरवारा, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, जबलपुर, म.प्र. 482001 खाता संख्या - 38693133701 | बहुमंजिला भवन ''ग्रीन एवेन्यू'' जो मौजा - कजरवारा नं.बं. 505, प.ह.नं.27 नया 02 अब नया 10, रा.नि.मं. जबलपुर 01, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, जिला जबलपुर स्थित, भूमि खसरा नं.173/1/1, कुल रकवा 14212 वर्गफुट पर बना है, इस बहुमंजिला भवन के फोर्थ फ्लोर का फ्लेट नं. ई.डब्लू.एस. -02, जिसका बिल्टअप एरिया 240 वर्गफुट ( 22.30 वर्ग मीटर), ( 1रूम किचन, बाथरूम ) सुपर बिल्ट अप एरिया 400 वर्गफुट, ( 37.17 वर्ग मीटर) क्रेता का अविभाजित स्वत्व 86.5 वर्गफुट है। ई-पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.09.2019 MP182542019A1620347 संपत्ति स्वामी- श्री जितेन्द्र नायक पिता श्री मुन्नीलाल नायक चतुर्सीमा ( टाइटल डीड के अनुसार ) उत्तर - सीढ़ी, दक्षिण - LIG-02, पूर्व - गलियारा, पश्चिम - ओ.टी.एस. | दि. 09/10/2023 रू. 5,44,444/– + ब्याज 09.10.2023 से + अन्य खर्च | 18-12-2023 |

उक्त (सरफेसी एक्ट 2002) अधिनियम के अंतर्गत सम्पत्ति विक्रय बावद 30 दिवस की वैधानिक सूचना– ऋणी एवं प्रति भू को सूचित किया जाता है कि, इस नोटिस की दिनांक से 30 दिनों के अंदर नोटिस में दर्शायी गई समस्त राशि मय ब्याज के जमा करें अन्यथा संपत्ति नीलाम की जावेगी एवं शेष राशि मय ब्याज के ऋणी एवं प्रति भू से वसूल की जायेगी।
दिनांक: 23/12/2023 , स्थान– जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी, जबलपुर

**भारतीय स्टेट बैंक** मुख्य शाखा मंडला ( 0421 ), ललपुर चौक के पास, मंडला तहसील एवं जिला मंडला, म.प्र.- 481661 Ph.- 8821945454, Email Id:- sbi.0421@sbi.co.in
**आधिपत्य (कब्जा) की सूचना (अचल संपत्ति के लिये)**
अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा भारतीय स्टेटबैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम,2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी/जमानतदार को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का आधिपत्य कर लिया है। ऋणग्रहिता/जमानतदार को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्न वर्णित सपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज तथा अन्य प्रभार आदि के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

| क्र | ऋणी /जमानतदार का नाम व पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र की तिथि व राशि | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी- श्रीमती पूनम चौरसिया, पति श्री पुष्प कुमार चौरसिया प्रोप्रा. - मेसर्स पूनम मोबाईल निवास- रानी दुर्गावती वार्ड, कबीर चौक, मण्डला, तहसील व जिला मण्डला म.प्र. खाता संख्या- 36197933321 40255325861, 36197924690 40255337934 | मण्डला नगर, नगर पालिका परिषद सीमा मण्डला, तहसील एवं जिला - मण्डला के अन्तर्गत आने वाले रानी दुर्गावती वार्ड, मण्डला स्थित नजूल भूमि-खण्ड एवं उस पर निर्मित भवन, मण्डला नगर नजूल शीट नंबर 19-डी, भूमि खण्ड कमांक 77 में से 1607 वर्गफुट या कि 149.294 वर्ग मीटर, चतुर्सीमा ( विक्रय पत्र के अनुसार ) -उत्तर -विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- राघेलाल साहू की भूमि, पूर्व- श्री मिश्रा जी की भूमि एवं मकान, पश्चिम - नगरपालिका की सड़क अचल संपत्ति के पंजीयन का विवरण - दस्तावेज प्रकार विक्रय पत्र का पुस्तक क्रमांक - ए1, ग्रन्थ क्रमांक 3192, पृष्ठ कमांक 86/92, दस्तावेज कमांक - 1426, पंजीयन दिनांक 29/11/2001, संपत्ति स्वामी - श्रीमति पूनम चौरसिया पति श्री पुष्प कुमार चौरसिया। | दि. 09/10/2023 रू. 14,33,931.00 + ब्याज 09.10.2023 से + अन्य खर्च | 20-12-2023 |

उक्त (सरफेसी एक्ट 2002) अधिनियम के अंतर्गत सम्पत्ति विक्रय बावद 30 दिवस की वैधानिक सूचना - ऋणी एवं प्रति भू को सूचित किया जाता है कि, इस नोटिस की दिनांक से 30 दिनों के अंदर नोटिस में दर्शायी गई समस्त राशि मय ब्याज के जमा करें अन्यथा संपत्ति नीलामी की जावेगी एवं शेष राशि मय ब्याज के ऋणी एवं प्रति भू से वसूल की जायेगी।
दिनांक: 23/12/2023 प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा मंडला ( 0421 ), मंडला ( म. प्र. )

## हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मलिमठ ने किया शुभारंभ

# देश में पहली बार राज्य की सभी जिला-तहसील अदालतों की लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा मिली

**210 अदालत परिसरों के कोर्ट रूम की कार्यवाही होगी प्रसारित**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ ने गुरुवार को आम नागरिकों की सहूलियत के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी व्यवस्थाओं का शुभारंभ किया। हाई कोर्ट में वीडियो निगरानी प्रणाली और कोर्ट रूम लाइव आडियो विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम-क्लास परियोजनाएं प्रारंभ हो गई हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय के सेंट्रलाईजड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायाधीश और हाई कोर्ट व जिला अदालत, जबलपुर के अधिकारी उपस्थित थे। यह देश में पहली बार है, जब किसी राज्य के हाई कोर्ट द्वारा राज्य में सभी जिला और तहसील अदालतों के लिए कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षित अदालत परिसरों की ओर बढ़ते हुए, हाई कोर्ट ने एकीकृत वीडियो निगरानी प्रणाली



(आईवीएसएस) और कोर्ट रूम लाइव आडियो विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम (क्लास) शुरू की है। 210 अदालत परिसरों के कोर्ट रूम की लाइव स्ट्रीमिंग होगी। यह अपने आप में देश की एक अग्रणी परियोजना है जो पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों को अपनाती है। हाई कोर्ट ने जिम्मेदार नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अन्य अदालतों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

यह भारतीय न्यायिक प्रणाली के इतिहास में एक अग्रणी तकनीकी परियोजना है जो हाई कोर्ट द्वारा प्रशासित अदालत परिसर को सुरक्षित और पारदर्शी बनाएगी। नई प्रौद्योगिकी को अपनाने और उनका एकीकरण मध्य प्रदेश न्यायपालिका को डिजिटल युग के लिए तैयार करेगा। अदालत परिसर में न्याय की यात्रा सभी संबंधित पक्षों-न्यायाधीशों, वकीलों और अधिवक्ताओं, अदालत के कर्मचारियों, पुलिस जैसी सुरक्षा एजेंसियों और बड़े पैमाने पर जनता के लिए सुरक्षित होनी चाहिए। अदालत परिसरों में व्यवधान की कई घटनाएं हुई हैं। अदालत परिसरों को सुरक्षित बनाने के लिए सिस्टम तैनात करना और तंत्र स्थापित करना महत्वपूर्ण कदम है।

### आईवीएसएस और क्लास क्या है

#### इस व्यवस्था में शामिल है-

1. एकीकृत वीडियो प्रबंधन प्रणाली।
2. कोर्ट रूम आडियो-विज़ुअल रिकार्डिंग सिस्टम।
3. संग्रह और लाइव के साथ-साथ ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग सेट-अप।
4. जबलपुर में डेटा सेंटर एवं कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना।
5. इंदौर में डिजास्टर रिकवरी सेट-अप।
6. सुविधा प्रबंधन सेवाएँ और संचालन एवं रखरखाव।

5 वर्ष की अवधि के लिए प्रणाली. परियोजना की कुल लागत रु. 189.25 करोड़ होगी।

#### मुख्य बिन्दु-

- अदालत कक्ष की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए वीडियो निगरानी कैमरों का उपयोग प्रत्येक अदालत परिसर और प्रत्येक अदालत कक्ष के भीतर वीडियो निगरानी प्रणाली - द्वारों, आंगन (पार्किंग स्थानों), भवन प्रवेश बिंदुओं, अदालत कक्ष प्रवेश द्वार, अदालत कक्ष, मार्ग और अन्य सार्वजनिक सभा की 2437 निगरानी उन्नत मेगापिक्सेल आईपी कैमरों के उपयोग उच्च न्यायालय में वर्तमान में उपयोग में आने वाले आईवीएसएस, क्लास और केस ट्रैकिंग और प्रबंधन प्रणाली का एकीकरण किया गया है।
- अलार्म मॉनिटरिंग, आन-डिमांड वीडियो मानिटरिंग और आडियो-विजुअल रिकार्डिंग अभिलेख के साथ-साथ आपदा रिकवरी सेट-अप के लिए जबलपुर में एक अत्याधुनिक कमांड और कंट्रोल सेंटर और डेटा सेंटर के साथ-साथ इंदौर में स्थानीय और जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं। स्थानीय/दूरस्थ सुरक्षा कैमरों की निगरानी की जायेगी।

# जनेकृविवि द्वारा प्रचुर पोषक तत्वों से भरपूर गेहूं की प्रजाति की विकसित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के.कौतू के मार्गदर्शन में कृषि वैज्ञानिक, किसानों की आय दोगनी करने हेतु नये-नये बीज तैयार कर रहे हैं, और लगातार परिश्रम कर रहे हैं, यही वजह है कि जनेकृविवि के वैज्ञानिकों ने गेहूं की उन्नत किस्म एम.पी. 1378 को विकसित कर किसानों को सौगात दी है। दरअसल प्रदेश एवं देश में गेहूं अनुसंधान में अग्रणी जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र पवॉरखेड़ा द्वारा गेहूं की उन्नत किस्म एम.पी. 1378 का विकास किया है। यह प्रजाति न केवल अधिक उत्पादन देगी, साथ ही महत्वूपर्ण पोषक तत्वों जैसे जिंक तथा आइरन से भी भरपूर है। इसमें आइरन तथा जिंक 40 (पीपीएम) PPM से अधिक विद्यमान है। यह प्रजाति भूरा एवं काला गेरूआ के प्रति अतिप्रतिरोधी है। प्रचलित प्रजातियों की तुलना में इस प्रजाति की उत्पादन क्षमता लगभग 10%

**गेहूं की उन्नत किस्म एम.पी. 1378 को विकसित कर दी किसानों को सौगात**



अधिक है। इसी वजह से यह प्रजाति राष्ट्रीय स्तर पर आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली द्वारा किसानों के खेतों में उत्पादन हेतु 15 वर्ष के लिये अधिसूचित की गई है। संचालक प्रक्षेत्र एवं गेहूं समन्वयक डॉ. आर. एस. शुक्ला ने बताया कि इस प्रजाति की खास बात यह है कि यह कम ऊचाई की रोगरोधी, पोषक तत्वों से भरपूर, बिस्किट एवं रोटी के लिए अति उत्तम है। इसकी ऊचाई 88 सेमी तक है एवं अवधि 120 दिन है। प्रजाति उत्पादन क्षमता 66 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा की शतत प्रेरणा एवं शोधपूर्ण दृष्टिकोण को जाता है। इस कार्य के लिए संचालक अनुसंधान सेवाऐं डॉ. जी.के. कौतु, गेहूं समन्वयक डॉ. आर.एस. शुक्ला, सह-संचालक अनुसंधान डॉ. अनिमेश चटर्जी एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों का मार्गदर्शन बहुमूल्य रहा है। गेहूं अनुसंधान परियोजना प्रभारी डॉ. के. के. मिश्रा एवं समस्त टीम सदस्यों का प्रयास सराहनीय हैं।

## कक्षा 6वीं की 8447 सीटों के लिए 11 फरवरी को होगी परीक्षा

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये 8 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों की प्रवेश परीक्षा के लिए 8 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे होने वाली परीक्षा के लिए 29 जनवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन प्रदेश में संचालित 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं कक्षा में 1795 बालकों एवं 1820 बालिकाओं सहित कुल 3615 सीटें हैं। वहीं, प्रदेश के 81 कन्या शिक्षा परिसरों में कुल 4552 बालिकाओं और 8 आदर्श आवासीय विद्यालयों में कुल 280 सीटें उपलब्ध हैं। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता पाने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश के लिये पात्र होंगे। विभागीय वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in/MPTAAS पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

**- पी.वी.टी.जी. व कोविड में माता-पिता को खो चुके विद्यार्थियों हेतु आरक्षण**

इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया और सहरिया), विमुक्त जनजातियां और घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय के विद्यार्थियों के लिये सीटें आरक्षित की गईं हैं। साथ ही वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद या कोविड आदि के कारण खो दिया है, उनके लिए भी सीटें आरक्षित रखी गई हैं। विधवा महिला की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता वर्ग (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) के विद्यार्थियों के लिए भी सीटें आरक्षित की गईं हैं।

विभाग द्वारा इन विशिष्ट आवासीय विद्यालयों का संचालन प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य जिलों व विकासखंडों में विशेष रूप से किया जाता है। विभाग की मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी (एमपीसरस) के अधीन ये संस्थान संचालित किये जाते है।

## रेलवे ने वसूला 13 करोड़ रुपये से ज्यादा जुर्माना

# बगैर टिकट एक लाख 95 हजार यात्रियों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** बीते नवंबर महीने में पश्चिम मध्य रेल के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा ने बगैर टिकट ट्रेन में यात्रा करने वाले एक लाख 95 हजार यात्रियों पर कार्रवाई की गई। इतना ही नहीं, यात्रियों से लगभग 13 करोड़ 38 लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। रेलवे बोर्ड द्वारा पमरे को 11 करोड़ 51 लाख रुपये लक्ष्य निर्धारित किया गया था। पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस लक्ष्य को पार करते हुए 16 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जित किया। मुख्यालय सीसीएम स्काड द्वारा टिकट जांच अभियान से बिना टिकट, अनबुक्ड लगेज, अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 4 हजार 100 से प्रकरण से रेलवे ने 27 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया है। जबलपुर मंडल के टिकट निरीक्षकों ने लगभग 71 हजार प्रकरण में 5 करोड़ 25 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। भोपाल मंडल में 77 हजार से अधिक प्रकरण में 4 करोड़ 95 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है, तो कोटा मंडल में 43 हजार से अधिक प्रकरण में रेलवे ने 2 करोड़ 90 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया है। रेलवे ने रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन का कामटी रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस 21 दिसंबर से कामटी रेलवे स्टेशन पर ठहरना प्रारंभ हो चुकी है। रेलवे ने यह निर्णय यात्रियों सुविधाओं के मददेनजर लिया गया है।

## बर्फीली हवाओं का कहर जारी, अलाव नदारद

# जाड़े की जकड़न में जनजीवन प्रभावित



**जबलपुर।** शहर को जाड़े ने जकड़ लिया है। हिमालय से आ रही बर्फीली हवाओं ने कड़ाके की ठंड का एहसास कराना शुरु कर दिया है। शाम ढलने के बाद शीत लहर का प्रकोप और बढ़ जाता है। रात के पहले पहर में ही सड़के सूनी हो जाती है। दिन में कुनकुनी धूप सुहानी लगने लगी है। अब अलाव की आवश्यकता महसूस होने लगी है। लेकिन अभी तक शहर के सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई। खुले आसमान के नेच जीवन यापन करने वालों को कड़ाके की ठंड में रात गुजारने के लिए घासफूस और कचरा जलाकर रात गुजारनी पड़ रही है।

इस साल दिसंबर के दूसरे पखवाड़े से ही जाड़े ने जोर मारा। इस सीजन में पहली मर्तबा दिन और रात का तापमान औसत से नीचे उतरा। दिन में भी उत्तरी हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने विवश किया। जो धूप चुभती थी वह अब सुहानी लगने लगी। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 8.06 डिग्री सेल्सियस समान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 81 प्रतिशत सायंकाल 59 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6:48 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5:31 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे कम 7.2 डिग्री तापमान नयागांव जिलें में दर्ज किया गया। उत्तरी पश्चिमी हवाएं 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। सर्दी का असर पूरे जिले में रहा। जबलपुर के आसपास महाराजपुर, रांझी, खमरिया, पचपेढ़ी में तापमान 6 डिग्री के आसपास रहा। कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ। लोग ठिठुर गये। रात में जल्दी सड़कों पर सन्नाटा पसर गया तो सुबह देर से दिनचर्या शुरु हो सकी। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और ठंड अपना रौद्र रुप दिखाएगी।

## हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा

# स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट जबलपुर के कैंसर वार्ड में आउटसोर्स सेंट्रल लैब क्यों बनाया जा रहा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है कि स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट जबलपुर के कैंसर वार्ड में आउटसोर्स सेंट्रल लैब क्यों बनाया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन व स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता विकास महावर ने याचिका दायर कर बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज स्थित प्रदेश का इकलौता स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट है। यहां सेंट्रल लैब बनाने के लिए एक वार्ड चिन्हित किया गया है। इंस्टीट्यूट में 2 पुरूष और 2 महिला वार्ड हैं, जिनमें हमेशा ही मरीज भर्ती रहते हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हितेंद्र सिंह ने दलील दी कि वार्ड में भर्ती मरीजों को शिफ्टी किया जा रहा है। हालांकि शासन की ओर से कहा गया कि मरीजों को शिफ्ट नहीं किया जा रहा है।

# हाई कोर्ट ने सड़क दुर्घटना मामले में बढ़ाई क्षतिपूर्ति राशि

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने सड़क दुर्घटना मामले में क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाए जाने की मांग मंजूर कर ली। इसी के साथ अपीलकर्ता विधवा ने राहत की सांस ली। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए लगा। इस दौरान अपीलकर्ता लखनादौन निवासी रेहाना बी की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन व आचार्य योगेश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता के पति हिदायक खान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वे एक कुशल श्रमिक थे। इसके बावजूद मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने आय का समुचित मूल्यांकन न करते हुए महज 21 लाख 11 हजार 40 रुपये क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित कर दी। इसीलिए अपील के जरिए हाई कोर्ट की शरण ली गई है। यदि ठीक से आय का निर्धारण किया जाए तो मूल क्षतिपूर्ति राशि में चार लाख 38 हजार 858 रुपये का इजाफा हो जाएगा। हाई कोर्ट ने यह मांग मंजूर करते हुए क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाकर 25 लाख 38 हजार 885 रुपये देने का आदेश दे दिया।

**विधवा को मिली राहत**

# मृत्युकालिक कथन न लेना विवेचना की गंभीर त्रुटि

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगीऋषि की अदालत ने तल्ख टिप्पणी में कहा कि मृत्युकालिक कथन न लेना विवेचना की गंभीर त्रुटि है। इसके अलावा दो दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान इलाज करने वाले चिकित्सक को साक्षी न बनाना भी अनुचित है। इस तरह मामले में कोई भी तथ्य साक्ष्य के दौरान स्पष्ट नहीं हुए हैं, जिनसे यह साबित हो सके कि घटना के तत्काल पूर्व आरोपितों द्वारा ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी गईं कि आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता शेष न रहा हो। लिहाजा, आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोपित पनागर थाना अंतर्गत डोंगर बड़ेरा निवासी शनि कुमार भूमिया व नंदनी भूमिया को बरी किया जाता है। मामले की सुनवाई के दौरान अभिजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक स्मृतिलता बरकड़े ने व आरोपितों की ओर से अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती ने पक्ष रखा। अभियोजन की ओर से तर्क दिया गया कि घरेलू विवाद के जरिए ऐसे हालात पैदा कर दिए गए थे कि 23 सितंबर, 2020 को परिवार की युवती ने आत्महत्या कर ली। बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि परिवार की युवती ने व्यक्तिगत वजहों से जीवन समाप्त किया था। इसके बावजूद पनागर पुलिस ने आत्महत्या दुष्प्रेरण का अपराध पंजीबद्ध कर लिया।

**अदालत की तल्ख टिप्पणी : आत्महत्या**







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240